खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 168 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper



# सामिआ इन्टर नेशनल बिल्डर्स लि.

के स्थापना दिवस 19 सितम्बर 2025 को 23 वे वर्ष में गौरव पूर्ण प्रवेश

हमारे गौरव पूर्ण पल

SAMIAH

## सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड





MAKE IN INDIA CONCLAVE 2025







अमर उजाला बिज़नेस एक्सीलेंस 2024 कार्यक्रम अमर उजाला समूह व हमारी कंपनी सामिआ इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड के साथ (UAE दुबई) में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के द्वारा सम्मानित



## सामिआ इन्टरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट्स





## वारसी न्यूज टुडे



लंदन में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

Awarded In House Of Lord London (British Parliament)
With Minister Of Technology England
Mr Paul Scully And Shri Kc Tyagi Ji Ex Mp Indian Parliament Both House

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के नेता नजरबंद किए जा रहे: महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने प्रशासन पर नेताओं को नजरबंद करने का आरोप गुरुवार को लगाया। उन्होंने कहा हुर्रियत के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सोपोर जाने नहीं दिया जा रहा और राजनेताओं को नजरबंद किया गया है। उदारवादी हुर्रियत नेता दिवंगत भट (90) का कल शाम सोपोर के बोटेंगो गांव स्थित घर पर संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था। इसके बाद कल देर रात उन्हें उनके पैतृक गांव में दफना दिया गया। अपने सोशल मीडिया एक्स के एक पोस्ट में सुश्री महबूबा ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं को श्रद्धांजलि देने से रोकने के लिए उन्हें नजरबंद करने का निर्णय जम्मू-कश्मीर प्रशासन की कठोर और अलोकतांत्रिक वास्तविकता को दिखाता है।

### इच्छुक कर्मचारी समय से पहले चुनें यूपीएस का विकल्प

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में जाने के इच्छुक अपने पात्र कर्मचारियों और पूर्व कर्मचारियों को 30 सितम्बर की समय सीमा समाप्त होने से पहले इसके लिए आवेदन करने का आग्रह किया है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एनपीएस से यूपीएस में जाने के लिए अंतिम समय सीमा 30 सितम्बर है और इसके लिए इच्छुक केंद्र सरकार के पात्र कर्मचारियों को जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए, ताकि अंतिम समय में होने वाली परेशानी से बचा जा सके।

## जीएसटी सुधार कर प्रणाली में ऐतिहासिक कदम: योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि नवीनतम जीएसटी सुधार, भारत की कर प्रणाली में अपनी शुरुआत से अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है।

योगी ने अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अब इन्हें सरल बनाकर केवल दो मुख्य स्लैब में विभाजित कर दिया गया है, जो पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत है। यह कदम आम आदमी के लिए एक बड़ी राहत है, चाहे वह घर की रसोई हो या किसान। आवास निर्माण से लेकर राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं तक। साथ ही यह सुधार उपभोग क्षमता को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगा और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, जिसका प्रभाव 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के क्षेत्रों पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने देश की स्वतंत्रता के अवसर पर देश के सामने जो टैक्स रिफार्म के बारे में जो चर्चा की थी, वह 20 दिन में जनता के सामने आ गए हैं और 22 सितम्बर से लागू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का देशवासियों के लिए टैक्स रिफार्म दीपावली का उपहार भी है।

## कई जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बदले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग के अंतर्गत कई बेसिक शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं।संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय के स्तर से बुधवार को जारी स्थानांतरण सूची में शामिल गाजीपुर के बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव को वाराणसी में मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक के पद पर तैनाती दी गई है। बिजनौर के बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेंद्र कुमार को उत्तर प्रदेश का पाठ्य पुस्तक अधिकारी बनाया गया है। रायबरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह को डायट लखनऊ का उप प्राचार्य और उन्नाव की बीएसए संगीता सिंह को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक गोरखपुर के पद पर तैनाती दी गई है।

## दस जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस के तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने त्योहारों से पहले पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए दस जिलों के कप्तान समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 16 अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

गुरुवार को जारी तबादला सूची के अनुसार आजमगढ़, देवरिया, अलीगढ़, उन्नाव, कुशीनगर, प्रतापगढ़, औरैया, सोनभद्र, हरदोई, अंबेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक बदल दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, लखनऊ में तैनात जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया का एसपी बनाया गया है। हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को अलीगढ़ का एसएसपी बनाया गया है। सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, हरदोई की जिम्मेदारी मिली है। एसपी, रेलवे आगरा में तैनात अभिषेक वर्मा

■ **आजमगढ़ से लखनऊ बुलाए गए हेमराज मीणा, संतोष मिश्रा का भी किया गया तबादला**

को सोनभद्र का एसपी बनाया गया है। एसपी, उन्नाव दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी, प्रतापगढ़ डा. अनिल कुमार-।। को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ बनाया गया है। अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर को पुलिस अधीक्षक, अंबेडकरनगर बनाया गया है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उप्र भेजा गया है। कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महा. निदेशक, उप्र भेजा गया है। देवरिया के एसपी विक्रांत वीर को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक भेजा गया है। प्रयागराज में 4 वाहिनी पीएसी में सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, बलिया के रूप में तैनात अनिल कुमार झा को पुलिस अधीक्षक, रेलवे आगरा बनाया गया है। सेनानायक और उपस. नानायक, 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में तैनात सर्वेश कुमार मिश्रा को सेनानायक, 4 वाहिनी पीएसी, प्रयागराज बनाया गया है।

### सीआईडी ने 18 महीने में ईसी को 18 पत्र भेजे, लेकिन नहीं दिया जवाब

# वोट चोरी को छिपा रहा चुनाव आयोग: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ **कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-आयोग ने दोषियों का पता लगाने के लिए अहम जानकारी को दबा दिया है**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में वोट चोरी की जांच आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) कर रहा है और इस मामले में उसने स्पष्टीकरण मांगते हुए चुनाव आयोग को पत्र लिखे हैं, लेकिन आयोग उसके सवालों का जवाब नहीं दे रहा है।

खड़गे ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले की जांच कर रही सीआईडी ने 18 महीनों में मुख्य चुनाव आयोग को 18 पत्र लिखे, लेकिन आयोग ने दोषियों का पता लगाने के लिए जरूरी अहम जानकारी को दबा दिया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के इस मामले में ठोस सबूतों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले का पूरा तरह से पर्दाफाश किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इससे तीन अहम सवाल उठते हैं -चुनाव आयोग किसे बचा रहा है।

क्या भाजपा उन संस्थानों को खोखला कर रही है, जिनका काम हमारे लोकतंत्र की रक्षा करना है और क्या हम ऐसे लो. कतंत्र को बर्दाश्त कर सकते हैं जहां चुनाव प्रणाली को 'वोट चोरी फैक्ट्री' के जरिए पूरी तरह से ध्वस्त किया जा रहा हो। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गंभीर सवाल हैं और इन सवालों को देश के लोगों और खासकर युवाओं से जोरदार तरीके से पूछने की आवश्यकता है।

### देश में बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल गांधी : भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतंत्र पर प्रहार कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अस्थिरता पैदा कर बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं। पार्टी मुख्यालय में भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने यहां गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 90 चुनाव हारने में बाद कांग्रेस और उनके प्रमुख नेता हताश हैं, जिसके चलते निराधार आरोप लगाना गांधी की अब आदत बन गई है। ठाकुर ने कहा कि गांधी का चुनाव आयोग पर ताजा आरोप "हाइड्रोजन बम की जगह फुलझड़ी" साबित हुआ है, क्योंकि आयोग ने कहा है कि ऑनलाइन किसी का वोट नहीं काटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी से जब लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए कहा जाता है, तो वह पीछे हट जाते हैं, शपथ पत्र देने को कहा जाता है, तो मुकर जाते हैं और आधारहीन आरोप लगाना उनकी आदत बन गई है। भाजपा नेता ने गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार संवैधानिक संस्थाओं और चुनाव आयोग पर गलत और निराधार आरोप लगाना, कभी बीवीपैट, कभी ईवीएम, कभी चुनावी नतीजों पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना, कभी टूलकिट के सहारे भारत की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना, उनकी आदत बन चुकी है।

## कहां गई विदेश नीति, जिसका डंका पीट रहे: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



ड्रग उत्पादक व निर्यातक देशों में चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत 23 देशों की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को शामिल किए जाने पर समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने ड्रग उत्पादक और निर्यातक देशों में शामिल किया जाना देश के लिए बेहद शर्मनाक है। साथ ही उन्होंने पूछा है कि कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भाजपा के लोग हवन पूजन करते फिर रहे थे, जीत की कामना कर रहे थे और खुशियां मना रहे थे, पटाखे फोड़ रहे थे उसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत का घोर अपमान किया। भारत को ड्रग्स उत्पादक एवं निर्यातक देशों में पाकिस्तान के साथ ही सूची में डाल दिया, यह देश के लिए बेहद शर्मनाक है। कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था।

### लोकल मेनिफेस्टो पर सपा का फोकस

**लखनऊ।** 2027 विस चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी का फोकस 'लोकल मेनिफेस्टो' पर होगा। अखिलेश यादव ने आगरा, हाथरस, मथुरा के बाद तीन और शहरों के नाम सुझाए हैं, जिनमें नोएडा लोकल मेनिफेस्टो, गाजियाबाद लोकल मेनिफेस्टो और बागपत लोकल मेनिफेस्टो शामिल है।



**सेंसेक्स** 83013.96 **निफ्टी** 25423.60



**सोना रु.** 109264 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 126000 प्रति किलो



# फेड के ब्याज दर घटाने से शेयर बाजारों में रौनक

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब ढाई महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 415.21 अंक की बढ़त के साथ 83,108.92 अंक पर खुला और अंत में 320.25 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 83,141.21 अंक और नीचे 82,704.92 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 110.80 अंक की तेजी में 25,441.05 अंक पर खुला और अंत में 93.35 अंक चढ़कर 25,423.60 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 25,448.95 अंक निचला स्तर 25,329.75 अंक रहा। फार्मा और आईटी सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही, जिनके कारोबार का बड़ा हिस्सा अमेरिका के जुड़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। इसकी उम्मीद पहले से ही की जा रही थी। इस कारण पिछले सप्ताह से ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में फिर निवेश बढ़ा दिया है। लिवाली के दम पर सेंसेक्स 10 जुलाई के बाद पहली बार 83,000 अंक के ऊपर बंद हुआ है। निफ्टी-50 भी 09 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर पर रहा। एचडीएफसी बैंक, इटरनल, इंफोसिस, सनफार्मा, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 2.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलि. वर और पावरग्रिड के शेयर भी मजबूत हुए। सबसे अधिक 1.13 फीसदी की गिरावट टाटा मोटर्स में देखी गई। ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक भी नुकसान उठाने वाली सेंसेक्स की आठ कंपनियों में शामिल थीं। चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और फार्मा के अलावा एफएमसीजी, वित्तीय सेवा, धातु, निजी बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में लिवाली रही। वहीं सार्वजनिक बैंक, तेल एवं गैस और रियलिटी समूहों में बिकवाली का जोर रहा। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.15 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 1.35 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.15 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.22 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत की बढ़त में कारोबार कर रहा था।

## आज सोने-चांदी के दाम में गिरावट

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने और चांदी के भाव में गिरावट दर्ज की गई। सोना 469 गिरकर 1.09 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया, चांदी भी 1.26 लाख किलो बिक रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 469 रुपए गिरकर 1,09,264 पर आ गया है। इससे पहले कल ये 1,09,733 रुपए पर था। गिरावट के समय हर निवेशक सोना खरीदने का प्लान बना रहा है।सोने और चांदी में निवेश से जुड़े सवाल कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया और या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता के अनुसार शॉर्ट टर्म में सोने और चांदी में कितनी करेक्शन देखी जा सकती है? या वेल्थ ग्लोबल के डायरेक्टर अनुज गुप्ता का कहना है कि सोने का भाव 106000 रुपये से 107000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। ऐसे ही चांदी का दाम 1,20,000 रुपये से 122,000 रुपये तक जा सकता है।

## कृषि प्रणाली के लिए फसल विविधीकरण पर जोर



**नई दिल्ली।** तिलहन और दलहन के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय कृषि मंत्रालय प्रति हेक्टेयर उत्पादकता पर विशेष जोर देते हुए पैदावार बढ़ाने की योजना तैयार करेगा। मंत्रालय एक स्थायी कृषि प्रणाली के लिए फसल विविधीकरण की आवश्यकता पर जोर दे रहा है और दलहन- तिलहन पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा।

फसल विविधीकरण के महत्व को समझाते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दलहन और तिलहन की खेती न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार करती है, बल्कि पोषण सुरक्षा को मजबूत करने और किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि भारत का चावल और गेहूं का प्रोडक्शन पहले से ही वैश्विक स्तर पर है, इसलिए दलहन और तिलहन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रति हेक्टेयर प्रोडक्टिविटी पर विशेष जोर देते हुए पैदावार बढ़ाने के लिए एक रणनीति विकसित की जाएगी। चावल और गेहूं की तुलना में दलहन और तिलहन का उत्पादन कम होने के बारे में बताते हुए चौहान ने आगे कहा कि मैंने आईसीएआर के वैज्ञानिकों से आग्रह किया है कि दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने में कोई कसर न छोड़ें। साथ ही ऐसी नई किस्में विकसित की जाएं, जो अधिक उपज देने में सक्षम हों। दलहन और तिलहन पर विशेष जोर देते हुए फसल विविधीकरण पर बोलते हुए हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने मृदा स्वास्थ्य, पोषण सुरक्षा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए दलहन और तिलहन को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक टिकाऊ फसल पद्धतियों की ओर रुख करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। राज्यों में सफल फसल विविधीकरण के लिए नीतिगत समर्थन, जागरूकता और बाज़ार संपर्क प्रमुख फैक्टर हैं।

■ **ऐसी नई किस्में विकसित की जाएं, जो अधिक उपज देने में सक्षम हों: चौहान**

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...** बुनियादी ढांचे को पंगु बना दिया है। बिजली आपूर्ति तुरंत ठप हो गई, और महत्वपूर्ण सड़कों को व्यापक नुकसान पहुंचा है, जिससे संपर्क टूट गए हैं और सभी आवाजाही रुक गई है। सेरा रोड पर एक पेट्रोल पंप मलबे में दब गया है, और बिजली न होने के कारण, मोबा. इल नेटवर्क भी काम नहीं कर रहे हैं, जिससे प्रभावित समुदाय और भी अलग-थलग पड़ गए हैं और राहत प्रयासों में बाधा आ रही है। दूसरी ओर वहीं देहरादून से मसूरी का 35 किलोमीटर का रास्ता कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसके कारण मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स लगातार तीसरे दिन फंसे हुए हैं।

**साध्वी प्रज्ञा...** दर्ज हुए थे या नहीं। अदालत के सवालों का जवाब गुरुवार को एडवोकेट मतीन शेख और एडवोकेट शाहिद नदीम ने मौखिक और लिखित रूप से दिया, जिसके बाद दो जजों की बेंच नोटिस जारी करने पर राज़ी हुई। अधिवक्ताओं ने अदालत में सभी छह याचिकाकर्ताओं के दस्तावेज़ भी जमा किए और सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले की प्रति भी पेश की, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों को निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल करने का कानूनी अधिकार दिया है। पहली सुनवाई पर चीफ जस्टिस ने मौखिक टिप्पणी की थी कि बम धमाका जैसे संवेदनशील मामले में किसी को भी अपील दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, इसलिए याचिकाकर्ता पहले अदालत को संतुष्ट करें, उसके बाद ही नोटिस जारी होगा। अब बम धमाका पीड़ित जमीयत उलमा-ए-हिंद की कानूनी सहायता समिति के माध्यम से फिर से इंसाफ के लिए अदालत पहुंचे हैं और हाईकोर्ट ने उनकी अर्जी पर देर से ही सही लेकिन नोटिस जारी कर दिया है। यानी अब आरोपियों को अदालत में जवाब देना होगा। तीन दिनों तक बॉम्बे हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई चली, जिसके बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद के वकीलों की दलीलें सुनकर अदालत ने याचिका को सुनवाई के लिए मंज़ूर कर लिया है। अब यह एनआईए की नैतिक और संवैधानिक ज़िम्मेदारी बनती है कि वह भी बाम्बे हाईकोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ पिटीशन दाख़िल करे। इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि बम धमाका पीड़ितों ने अपना जमीयत उलमा पर पूरा भरोसा जताया और उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने की अनुमति दी, जिसके बाद ही हमारे अधिवक्ताओं ने अर्जी दाखिल की जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के दौरान देश के नामी क्रिमिनल अधिवक्ताओं की सेवाएं लेने का प्लान बनाया जाएगा और हाईकोर्ट में पूरी गंभीरता से मुकदमे की पैरवी की जाएगी।

**'वोट चोरी'...** नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6018 मतदाताओं के नाम काटे गए जिसके उनके पास सबूत हैं। यह काम सिर्फ आलंद में ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी उसी तरीके से हुआ है और वहां 6,850 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरह से 'वोट चोरी' का काम किया जा रहा है। यह चोरी केंद्रीकृत रूप में हो रही है ओर इसके मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिनके वोट काटे जा रहे हैं उन्हें इसका पता ही नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'वोट चोरी' एक बीएलओ के जरिये पकड़ी गई, जिसके रिश्तेदार का वोट काट दिया गया था। बीएलओ ने पता किया, तो पता चला कि उनके रिश्तेदार का वोट उसी के पड़ोसी ने कटवाया है।

# नवम्बर में उत्तर प्रदेश में होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

लखनऊ, वार्ता

■ **पांच लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं उतरेंगी जमीं पर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच लाख करोड़ से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ बीते साढ़े आठ वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है। इसके माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी मिली। अब आगामी नवंबर माह में जीबीसी 5 के आयोजन की तैयारी की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें और प्रत्येक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सामंजस्य के साथ हो होनी चाहिए। अपनी भूमि के साथ हर किसी का एक भावनात्मक संबंध होता है। यह उसके जीवन भर की पूंजी है। यदि प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है, तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए। कहीं से भी उत्पीड़न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। संवाद और समन्वय से यह काम बड़ी आसानी से हो सकता है। सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें। यह समय की मांग है, इसी में किसानों का हित है। निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बचने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए। यहां बड़े बैंकिंग संस्थाओं के कार्यालय हों। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात को और बेहतर करने के लिए नियोजित प्रयास की आवश्यकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 168 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कहां गई विदेश नीति, जिसका डंका पीटा जा रहा था: अखिलेश यादव पेज 2




21 सितम्बर को फिर भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान खेल टाइम्स



सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते सड़क हादसे सम्पादकीय



सऊदी-पाकिस्तान के बीच हुआ अहम रक्षा समझौता दोनों मिलकर देंगे हमले का जवाब पेज 12

# बोइंग-हनीवेल कंपनियों पर अमेरिका में मुकदमा दर्ज

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश**

**वाशिंगटन।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए 4 यात्रियों के परिवारों ने अब अमेरिका में विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग और उसके पुर्जे बनाने वाली कंपनी हनीवेल के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। परिवारों का आरोप है कि दोनों कंपनियों की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ। य ह मुकदमा टेक्सास की लैनियर लॉ फर्म के जरिये दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि विमान में लगे ईंधन स्विच में खराबी थी और यही हादसा की



■ **पीड़ित परिवारों का आरोप: दोनों कंपनियों की लापरवाही की वजह से हादसा हुआ, बोइंग ने कोई टिप्पणी नहीं की**

वजह बना। परिवारों का आरोप है कि बोइंग और हनीवेल इन खतरों के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर 12 जून को अहमदाबाद से उड़ान भरकर लंदन के गैटविक हवाई अड्डा जा रहा था।। टेकऑफ के कुछ ही देर बाद यह एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गया था। बोइंग विमान क्रैश में 270 लोग मारे गए थे, जिनमें 60 विदेशी भी शामिल थे। बोइंग ने इस मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उसने सिर्फ इतना कहा कि भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती रिपोर्ट इस मामले पर जानकारी देती है। फिलहाल हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट 2026 में आने की उम्मीद है। इस दुर्घटना में विमान में सवार 229 यात्री, 12 क्रू सदस्य और जमीन पर मौजूद 19 लोग मारे गए थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि विमान के इंजनों तक फ्यूल की सप्लाई अचानक बंद हो गई थी। जांचकर्ताओं ने पाया कि ईंधन स्विच 'रन' से 'कट-ऑफ' पर चला गया था। पायलट ने 10 सेकेंड बाद दोबारा इन्हें चालू किया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इसकी वजह से इंजनों तक ईंधन पहुंचना रुक गया और विमान को उड़ते रहने के लिए जो ताकत (थ्रस्ट) चाहिए थी, वह पूरी तरह खत्म हो गई।

### कैप्टन सभरवाल के पिता का आरोप

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए कैप्टन सुमित सभरवाल के 91 साल के पिता पुष्करराज सभरवाल ने केंद्र सरकार से हादसे की नए सिरे से जांच की मांग की है। उन्होंने एएआईबी की प्राइमरी जांच रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए। पुष्करराज ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को लेटर लिखकर कहा कि मीडिया में कुछ चुनिंदा बातें लीक करके यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि कैप्टन सभरवाल बहुत ज्यादा डिप्रेशन में थे और आत्महत्या करना चाहते थे।

## मालेगांव 2008 बम धमाका मुकदमा

# साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपियों व एनआईए को हाईकोर्ट का नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने आज आखिरकार मालेगांव 2008 भिक्कू चौक बम धमाका पीड़ितों की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल पिटीशन को सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया और साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात आरोपियों और एनआईए को नोटिस जारी कर दिया।

पिछले तीन दिनों से बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस गौतम अंकुड़ास इस मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले धमाके में मारे गए लोगों के परिजनों की हैसियत के बारे में पूछताछ की, उनकी कानूनी स्थिति पर वकीलों से सवाल किए और उन्हें अदालत के दस्तावेज़ों की रोशनी में बहस करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने यह भी सवाल उठाया कि क्या याचिकाकर्ताओं के बयान विशेष अदालत में -शेष पृष्ठ दो पर



■ **पीड़ितों की अर्जी पर सुनवाई के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट तैयार**

### भारत पर 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 25 फीसदी पेनल्टी टैरिफ खत्म हो सकता है और 25 फीसदी जवाबी टैरिफ में भी कटौती हो सकती है। ये बात देश के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कही है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए नागेश्वरन ने कहा कि मुझे लगता है कि 30 नवम्बर के बाद ये टैरिफ नहीं रहेंगे। ये कोई पक्की जानकारी या सबूत पर आधारित बयान नहीं है, लेकिन हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगले दो महीनों में टैरिफ और जवाबी टैरिफ पर कोई हल निकल आएगा। सीईए नागेश्वरन ने संकेत दिया कि अभी 25 फीसदी का जवाबी टैक्स 10-15 फीसदी के दायरे में आ सकता है।

### सीजेआई की सफाई: सभी धर्मों का सम्मान करता हूं

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि खजुराहो के जावरी (वामन) मंदिर में भगवान विष्णु की खंडित मूर्ति की बहाली पर उनकी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया है। गुरुवार को लंच सेशन के बाद उन्होंने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितम्बर को राकेश दलाल की याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा था, जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो। बेंच में शामिल जस्टिस के विनोद चंद्रन ने सोशल मीडिया को एंटी-सोशल मीडिया कहा और बताया कि उन्हें भी ऑनलाइन गलत तरह से दिखाया गया है।

### दिशा पाटनी मामला: शूटर्स की मौत पर भड़के गोदारा ने दी बदले की धमकी

**बरेली।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी घर पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद गैंगस्टर रोहित गोदारा भड़का हुआ है। उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर धमकी दी है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि सनातन की हार है। इसका बदला लिया जाएगा।


# उत्तराखंड में कुदरत का रौद्र रूप

## चमोली में बादल फटने से 14 जिंदा दबे, पूरा परिवार लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/चमोली।** उत्तराखंड में बादल फटने और मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। बीते 24 घंटों में राज्य में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 36 हो गया है। ताजा त्रासदी चमोली जिले के नंदनगर ब्लॉक में गुरुवार को हुई, जहां बादल फटने से 14 लोगों के मलबे में दबने की आशंका है। बचाव दल ने अब तक एक शव बरामद किया है। यह बढ़ता संकट बुधवार की चरम मौसमी घटनाओं के बाद आया है, जिसमें 22 लोगों की जान चली गई थी और 18 शव बरामद किए जा चुके थे।

राज्य अब व्यापक विनाश से जूझ रहा है, खासकर पहले से ही संवेदनशील चमोली क्षेत्र में। नंदनी और चुफलागाड़ नदियों के किनारे बसा नंदनगर बुधवार रात के कहर का शिकार हुआ। एक भयावह बादल फटने से एक पूरा परिवार और नौ अन्य व्यक्ति कुल 14 लोग लापता हो गए हैं, जबकि दो के घायल होने की सूचना है। बंजरबगड़, मोक्ष धुरमा और आसपास के इलाकों के निवासियों ने प्रलयकारी दृश्य का वर्णन किया। हताश ग्रामीणों ने जिलाधिकारी संदीप तिवारी से संपर्क कर तत्काल आकलन और राहत की गुहार लगाई है। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी इस गंभीर वास्तविकता की पुष्टि करती है। नंदनगर की कुंट्रिलागा फाली से कुंवर सिंह (42), उनकी पत्नी कोना देवी और उनके दो बेटे विकास और विशाल का पूरा परिवार लापता है। इसी गांव से देवेश्वरी देवी और नरेंद्र सिंह भी लापता हैं। सरपानी गांव में 70 वर्षीय जगधाथा प्रसाद और उनकी पत्नी भागा देवी भी गायब हो गई हैं। धुरमा गांव में गुमान सिंह और ममता देवी भी लापता लोगों में शामिल हैं। गुरुवार को आपदा संचालन केंद्र की शुरुआती रिपोर्टों ने क्षति के पैमाने का खुलासा किया। एक प्रवक्ता ने बताया कि बादल फटने से हुई भारी बारिश और मलबे ने कुंट्रिलागा फाली, नंदनगर में छह आवासीय भवनों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित दस व्यक्ति लापता हैं, और दो को बचाया गया है। मोक्ष नदी के किनारे स्थित सेरा गांव सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यह समुदाय 8 जुलाई को इसी तरह की आपदा से उबर ही रहा था, जब बुधवार रात के बादल फटने ने सारी प्रगति को मिटा दिया। एक परेशान निवासी ने अपनी भयावह पलायन का वर्णन करते हुए कहा कि हमें लगा जैसे आसमान फिर से हम पर गिर गया। हम सब कुछ छोड़कर जान बचाने के लिए भागे। सेरा में महिपाल सिंह और अवतार सिंह के आवासीय भवन खतरनाक स्थिति में हैं, बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। धुरमा गांव में कई घर अब असुरक्षित हो गए हैं और बगाड़ टाप में कई दुकानें और घर बह गए हैं। बगाड़ बस्ती के ऊपर से भारी मलबे के प्रवाह से नदी का मार्ग बदल गया है, जिससे सेरा में व्यापक क्षति हुई है। कुंती, फाफाली और बंजरबगड़ से भी इसी तरह के विनाश के दृश्य सामने आ रहे हैं, जहां कई घर मलबे में दबे हुए हैं। इस आपदा ने क्षेत्र के -शेष पृष्ठ दो पर



■ **24 घंटे के दौरान मरने वालों का आंकड़ा 36 हुआ**

■ **मसूरी में 2500 टूरिस्ट्स फंसे**

### मौसम विभाग ने किया अलर्ट

मौसम विभाग ने दोनों ही राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को अगले 48 घंटे हाई अलर्ट पर रखा है। देश में इस साल 24 मई को दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल पहुंचा था। देश में अब तक सामान्य से 8 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 3 राज्यों राजस्थान (प.), पंजाब और हरियाणा से मानसून की विदाई शुरू भी हो चुकी है, लेकिन इसके जाते-जाते भी देश के 7 राज्यों में तेज बारिश की संभावना है।

# 'वोट चोरी' के मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी

## ज्ञानेश कुमार दें जवाब: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि देश में 'वोट चोरी' की जा रही है और सोची समझी रणनीति के तहत अत्यंत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने का काम व्यवस्थित तथा केन्द्रीयकृत रूप से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद -शेष पृष्ठ दो पर




### राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार: आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। आयोग ने श्री गांधी के मतदाताओं की सहमति बगैर उनके नाम मतदाता सूची से हटा देने के लगाए गए आरोपों के बाद एक बयान में कहा कि राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार हैं।

### केवल संविधान-संविधान चिल्लाते हैं, सभी बम ढेर हो जाएंगे, भाजपा का राहुल पर पलटवार

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की वोट चोरी के नए आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि राहुल को कानून के बारे में कुछ नहीं पता है। वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी नहीं समझते हैं। आरोपों पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल गांधी संविधान को समझते हैं? वह सुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किए। क्या उन्होंने कोई दांव लगाया? वह कानून या सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को नहीं समझते हैं। वह केवल संविधान, संविधान चिल्लाते हैं।

# क्वालिटी बार कब्जा मामले में आजम खां को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा के मामले में दर्ज मुकदमे की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आजम खां की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है, यह मुकदमा 2021 में राजस्व निरीक्षक की तरफ से दर्ज कराया गया था। इसके साथ ही आजम को लगभग सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी थी। अब वह जल्द बाहर आ सकते हैं। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश समीर जैन की एकल पीठ ने गुरुवार दोपहर अपना फैसला सुनाया। आजम खां की जमानत याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी। रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामले में आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।



■ **लगभग सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी, जेल से बाहर आने के आसार**

# सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद कारज मैरिज एक्ट के तहत हो

## SC ने जारी किया यूपी समेत 17 राज्यों को आदेश, 4 महीने का दिया समय

शाह टाइम्स ब्यूरो


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों (जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत रजिस्टर्ड किया जाए। अगर दंपति चाहें, तो विवाह प्रमाणपत्र में साफ लिखा जाए कि शादी आनंद कारज रीति से हुई है। यह आदेश उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर लागू होगा जिन्होंने अब तक नियम नहीं बनाए हैं, जिनमें उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, यूपी, असम, बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल, गोवा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दमन-दीव, पुड्डुचेरी और अंडमान-निकोबार शामिल हैं। याचिका अमनजोत सिंह चड्ढा ने दायर की थी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में नियम न होने के कारण सिख जोड़ों को शादी का प्रमाणपत्र पाने में बड़ी दिक्कत होती है, जबकि कुछ राज्यों में यह सुविधा मौजूद है। कोर्ट ने कहा कि कानून में आनंद कारज को मान्यता दी गई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था न होना केवल आधा वादा निभाना है। संविधान की भावना यही है कि हर नागरिक के अधिकार समान रूप से सुरक्षित हों। कोर्ट के आदेश ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी राज्य-केन्द्र शासित प्रदेश 4 महीने में नियम जारी करें। नियम बनने तक सभी सिख शादियां मौजूदा कानून से रजिस्टर्ड हों। जिन राज्यों में नियम बने हैं, वे 3 महीने में अधिकारियों को सर्कुलर जारी करें। हर राज्य 2 महीने में सचिव-स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त करे। केंद्र 2 महीने में मॉडल नियम भेजे, 6 महीने में रिपोर्ट दे। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि विवाह प्रमाणपत्र उत्तराधिकार, बीमा, भरण-पोषण और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए राज्य और केंद्र दोनों की जिम्मेदारी है कि सिख नागरिकों को यह सुविधा समान रूप से मिले।

■ **कोर्ट ने कहा: नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा**



# दो पक्षों में जमकर मारपीट, 10 हिरासत में



**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन स्थित रिवर हाइट्स सोसायटी में बुधवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। देखते ही देखते सोसायटी परिसर में हंगामा खड़ा हो गया और हाथापाई की घटनाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।जानकारी के अनुसार, विवाद सोसायटी की पुरानी और वर्तमान आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) के बीच चल रहे तनाव से जुड़ा बताया जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि सोसायटी के व्हाट्सएप ग्रुप पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद यह विवाद आमने-सामने की मारपीट में बदल गया। आरोप है कि सोसायटी के पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने बाहरी लोगों को बुलाकर मौजूदा रेजिडेंट्स मनोज राणा और राजीव गर्ग पर हमला करवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद की शुरुआत छोटी-सी बहस से हुई थी, लेकिन अचानक बाहरी लोगों के शामिल होने से स्थिति गंभीर हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सोसायटी में पहले भी आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर विवाद होता रहा है, लेकिन पहली बार मामला इस हद तक बिगड़ा कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही नंदग्राम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 10 लोगों को हिरासत में लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि मारपीट में बाहरी लोगों की भूमिका कितनी थी और उन्हें किसने बुलाया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को भी पुलिस ने संज्ञान में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि फुटेज की जांच की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि झगड़े की शुरुआत किसने की और कौन-कौन इसमें शामिल था। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय निवासियों का कहना है कि सोसायटी में लगातार बढ़ते झगड़े और गुटबाजी से उनका माहौल खराब हो रहा है।

लोग मांग कर रहे हैं कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में सख्त कदम उठाए, ताकि भविष्य में ऐसे घटनाक्रम दोबारा न हों।फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है और कहा है कि दोनों पक्षों को चेता. वनी दी गई है। जांच पूरी होने के बाद दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सीएसएचपी पब्लिक स्कूल की छात्रा ने किया स्कूल का नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल की कक्षा छह की छात्रा लक्ष्मी ने अपने विद्यालय का नाम रोशन करते हुए 3000 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 1500 मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करते हुए जीत हासिल की। सी.बी. एस.ई. द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता नॉर्थ जोन-1 इटावा सैफई उत्तर प्रदेश में सम्पन्न हुई।अपने विद्यालय को गौरांवित करते हुए लक्ष्मी ने अंडर-19 में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी होते हुए भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस जीत के साथ ही बनारस में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपना स्थान भी पक्का किया।विद्यालय निर्देशिका महोदया सविता गुप्ता जी ने लक्ष्मी को हृदय से बधाई देते हुए उसकी इस उपलब्धि की प्रशंसा की। विद्यालय प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने लक्ष्मी की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी का यह प्रदर्शन उसके अटूट समर्पण, अथक प्रयास तथा उसके अदम्य दृढसंकल्प का प्रमाण है। इस उल्लेखनीय जीत पर उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय सदैव ऐसे छात्रों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया पीएचसी भोजपुर पर नारी स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर विशेष स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि अन्य समस्त स्वास्थ्य स्टाफ उपस्थित रहा। प्रभारी डॉ रवि ने बताया कि इस दौरान अस्पताल में प्रतिदिन NCD स्क्रीनिंग, डेंटल कैंप, आभा आई डी कैंप एवं विशेष कैंप तथा NCD क्लिनिक, 70+ आयु वर्ग के लिए आयुष्मान कार्ड बनाना, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग एव सुविधा दी जाएगी।शुभारंभ के अवसर पर बच्चों के डॉक्टर से परामर्श, स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श, स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श, विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। एवं 26 सितंबर को विशाल रक्तदान शि. विर 27 सितंबर को दिव्यांग शि. विर का आयोजन किया जायेगा। डॉ रवि ने यह भी अपील की कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर उपरोक्त सभी सेवाएं नि:शुल्क है अत: आमजन से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

## एंटी-रैगिंग अभियान एवं वृक्षारोपण ड्राइव का आयोजन

**गाजियाबाद।** अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को एंटी-रैगिंग अभियान एवं वृक्षारोपण ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं स्टाफ को रैगिंग जैसे जघन्य अपराध के प्रति जागरूक करना था। दोपहर 2 बजे फुटबॉल ग्राउंड पर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें लगभग 2000 विद्यार्थियों और 300 संकाय एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया कार्यक्रम में रैगिंग के दुष्परिणामों और इसके विरोध में संदेश प्रसा. रित किया गया। 16 अगस्त 2025 को "Ragging Free AKGEC" संदेश वाले गैस गुब्बारे को आकाश में छोड़ा गया था, जो एक माह तक लहराता रहा।

## सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल की बैंड टीम ने जीता जिला चैम्पियनशिप खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल की ऑल-गर्ल्स बैंड टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति से जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता 2025-26 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 17 सितम्बर 2025 को जवाहरलाल कन्या विद्यालय, मुरादनगर में आयोजित हुई, जिसमें कुल आठ टीमों (छह गर्ल्स स्क्वॉड एवं दो बॉयज स्क्वॉड) ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सिल्वरलाइन की बैंड टीम ने अपने अद्वितीय तालमेल, ऊर्जा से भरपूर प्रदर्शन और सुमधुर एवं प्रभावशाली संगीत से निर्णायकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गौरव का क्षण तब आया जब घोषणा की गई कि विद्यालय की यह प्रतिभाशाली टीम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लखनऊ में प्रदर्शन करेगी। इस उपलब्धि का श्रेय छात्राओं की निरंतर साधना, अथक परिश्रम और मार्गदर्शकों के उत्कृष्ट निर्देशन को जाता है। चैम्पियनशिप ट्रॉफी के साथ विद्यालय लौटकर इन प्रतिभाशाली छात्राओं ने पूरे स्कूल परिवार को गौरान्वित किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, वाइस चेयरमैन डॉ. नमन जैन एवं प्रबंधन समिति ने विजेता टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ नई ऊँचाइयाँ छूने के लिए प्रेरित किया।

## मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का यह पर्व हमें मातृशक्ति की उपासना एवं सम्मान की प्रेरणा देता है


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान) यूँ तो विश्व भर में अनेकों रूपों में शक्ति की उपासना की जाती है। लेकिन भारत शक्ति उपा. सना का केन्द्र है। एक मात्र भारत ही ऐसा देश है, जहाँ शक्ति को श्माँश कहकर पुकारा जाता है। माँ, जो अतुल्य आनंद एवं मातृत्व का स्त्रोत है, जो सदा अक्षुण्ण, अबाध रूप में बहता है। हमारे आर्ष ग्रन्थों में इसी कारण माँ को अग्रगण्य स्थान प्रदान किया गया। जिस प्रकार लौकिक माँ अपने बालक के विकास के लिए कभी स्नेह की वर्षा करती है, तो कभी क्रोधित होती है। ठीक उसी प्रकार माँ भगवती जगदम्बिका भी हम मानवों के कल्याण हेतु विविध रूप धारण कर इस धरा पर अवतीर्ण होती है। इसी का एक प्रमाण नवरात्रों के दिनों में भी देखने को मिलता है, जिसमें माँ दुर्गा की नौ रूपों में पूजा होती है। माँ नवदुर्गा इन नौ स्वरूपों में प्रकट होकर हमें अकूत प्रेरणा देती है व भक्ति के साथ जोड़ती है। कैसे? आइए जानते हैं- शैलपुत्री: नवरात्रों के प्रथम दिन माँ की शैलपुत्री के रूप में पूजा की जाती है। माँ का यह रूप श्भक्ति में दृढ़ताश का प्रतीक है। ब्रह्मचारिणी: इस रूप की पूजा नवरात्रों के दूसरे दिन की जाती है। श्ब्रह्मचारिणीश अर्थात् जो ब्रह्म में स्थित होकर आचरण करती है। चन्द्रघण्टा: तीसरे नवरात्रे में माँ के इसी रूप की पूजा होती है। माँ के चंद्रघण्टा स्वरूप में दस भुजाएँ हैं, जो पांच कर्म-इन्द्रियों, पांच ज्ञानेन्द्रियों की प्रतीक हैं। कूष्माण्डा: चौथे नवरात्रे के दिन इस रूप की पूजा होती है। संस्कृत साहित्य के आधार पर इसका अभिप्राय है जो किसी भी बीज व अण्डे में से ऊर्जा को निकाल कर ग्रहण करती है, उसे 'कूष्माण्डा' कहा जाता है।

## जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित देश के प्रमुख शिक्षण संस्थान जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्कूल के छात्र-छात्राओं व स्कूल के सभी ड्राइवर को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें सड़क सुरक्षा सम्बंधी उपायों की जानकारी दी गई।

यातायात इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव व संतोष कुमार सिंह ने बच्चों को बताया कि सुरक्षित ड्राइविंग के लिए 10 सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। इन नियमों में पहला सीटबेल्ट पहनना सबसे आसान और सबसे कारगर सुरक्षा उपाय है। आगे की सीट पर बैठे हों या पीछे की सीट पर, सीटबेल्ट पहनने से दुर्घटना की स्थिति में चोट लगने का जोखिम काफी हद तक कम हो जाता है। सड़क पर अनुशासन बनाए रखने के लिए ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना जरूरी है।

गाड़ी चलाते समय ध्यान केंद्रित रखना चाहिए व मोबाइल फोन या किसी दूसरे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए ताकि ध्यान सड़क से ना भटके। तेज रफ्तार से गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। अत: अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हमेशा गति सीमा के भीतर ही गाड़ी चलाएँ।

अचानक रुकने की स्थिति में पर्याप्त प्रतिक्रिया समय के लिए अपने वाहन और आगे वाले वाहन के बीच 3 सेकंड का अंतर रखें। लंबी ड्राइव थका देने वाली हो सकती है। अत: थकान से निपटने के लिए बार बार ब्रेक लें। सुरक्षित ड्राइविंग के लिए धैर्य भी बहुत जरूरी है। खराब मूड में गाड़ी चलाने से बचना चाहिए। हमेशा जेबरा क्रॉसिंग का इस्तेमाल करें और सड़क पार करने से पहले आने वाले ट्रैफिक की जाँच जरूर करें।

बारिश, कोहरा और अन्य प्रतिकूल मौसम की स्थिति में धीरे और सावधानी से गाड़ी चलाएँ। उन्होंने बच्चों से कहा कि 18 साल से पहले गाड़ी ना चलाएं। ऐसा करने पर माता पिता को 25000 रुपये तक का जुर्माना और या 3 साल तक की जेल हो सकती है। साथ ही नाबालिग का 25 साल की उम्र तक ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनेगा। स्कूल के डायरेक्टर डॉ करूण कुमार गौड़ व प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने दोनों अतिथियों का स्वागत किया। डॉ करूण कुमार गौड़ ने कहा कि आज सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढोत्तरी हो रही है। इसका मुख्य कारण सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी करना है। हमें दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए। गाड़ी सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए। तेज रफ्तार से गाड़ी न चलाएं और ना ही गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करें। इन उपायों को अपनाकर ही हम सुरक्षित रह सकते हैं। प्रधानाचार्य अंजू गौड़ ने कहा कि सड़क पर हमें इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि घर पर कोई हमारा इंतजार कर रहा है। इससे हमें यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## पीएम मोदी मां भारती के मुकुट का एक अतुलनीय हीरा हैं: वरुण शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कौशांबी के प्रबुद्ध समाज ने समाजसेवी वरुण शर्मा के द्वारा आयोजित गोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उपस्थित कौशांबी वासियों ने अपनी अपनी नजर में प्रधानमंत्री जी की खूबियां गिनाई। इस चर्चा के आयोजक वरुण शर्मा ने बताया की किस तरह मोदी जी ने लोहपुरुष के व्यक्तित्व से प्रेरणा भी ली हैं और जी कर भी दिखाया हैं। इस अवसर डॉ आचार्या कृति शर्मा, सुधीश अग्रवाल, राकेश कुमार, अशोक परवाल, सुनीता परवाल, सरोज वर्मा, सुनीता सोनी, पापिया घटक, देव कुमार घटक, किरण प्रसाद, अनिता गोगिया, प्रेम गोगिया, रमणीक और प्रतिभा त्यागी जी सहित अन्य बंधु उपस्थित रहे और सबने मोदी जी के शतायु होने की स्वस्थ होने की मंगल कामना की।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर किया सेवा पखवाड़ा व नमो प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नमो प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी सुंदर चित्रकारी के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर आधारित एक विशेष वीडियो भी प्रदर्शित किया गया, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा।

जिलाध्यक्ष चौ. चौनपाल सिंह ने कहा - "आज हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कठिन संघर्षों के बाद देश सेवा का मार्ग चुना और भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई।" पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल ने कहा - "मोदी जी का जीवन हमें परिश्रम, अनुशासन और देशभक्ति का अद्भुत संदेश देता है।" चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा - "हम सब उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं, ताकि वे इसी तरह देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाते रहें।" मंच संचालन कार्यक्रम के संयोजक ललित त्यागी एडवोकेट, जिला महामंत्री युवा मोर्चा ने किया। इस अवसर पर सुचेता सिंह (ब्लॉक प्रमुख), डॉ. अरुण त्यागी (प्रधानाचार्य), अनिल त्यागी (चेयरमैन निवाड़ी), जितेंद्र चित्तौड़ा (जिला महामंत्री व संयोजक), प्रो. नवेंद्र गौड़ (जिला महामंत्री), अमित चौधरी, देवेंद्र चौधरी (जिला उपाध्यक्ष), देवेंद्र डायमंड, नवीन जयसवाल, अरुण त्यागी पूर्व मंडल अध्यक्ष, आकाश शर्मा, सचिन त्यागी, नितिन मित्तल, देवराज शर्मा, जीत सिंह, अमितेज जैन, अनिल सैन, प्रशांत त्यागी, मयंक शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## हनुमान जी बुराइयों को सुधारने व श्री राम भवसागर से तारने के लिए जन्म लेते हैं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** श्रीअजमीढ़जी भवन, हनुमान मंदिर सुदामापुरी मोदीनगर में चल रही हनुमत कथा में अंजनी मां के हुयो लाल बधाई पर बड़े उत्साह के साथ हनुमान जी के जन्म की कथा का उत्सव मनाया गया। कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने हनुमानजी के जन्म की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान शिव गुरुओं के परम गुरु हैं इसलिए शिव के अवतारी श्रीहनुमान जी गुरु की भूमिका में जन्म लेकर मनुष्यों की बुराइयों को सुधारते हैं। एक गुरु का कर्तव्य है कि वह अपने शिष्य को कुमार्ग पर चलने से बचाये इसी लिए हनुमानजी लंका में रावण के दरबार में रावण को समझाने का हर सम्भव प्रयास करते हैं पर विनाशकाले विपरीत बुद्धि रावण हनुमान जी को ही मूर्ख सठ कहता है।

हनुमानजी संसार में जन्म लेकर राम जी के द्वार पर बैठकर मनुष्यों की बुराइयों को सुधारते हैं और भगवान श्री राम जन्म लेकर संसार के मनुष्यों को भवसागर से तारने का काम करते है इसलिए हनुमान जी सुधारते है और श्री राम तारते है। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम अपनी जननी . जन्मभूमि और अपने धाम के लोगो को बहुत प्यार करते है और हमे संदेश देते है कि हमे भी अपने गाँव को तीर्थ समझना चाहिए द्य उन्होंने भक्तों का आव्हान करते हुए कहा कि हमारा गांव हमारा तीर्थ है क्योंकि वह हमारे कुल देवता कुल देवी व पितरों का स्थान है। इसलिए हमें अपने गांव के उत्थान के लिए कुछ न कुछ करना चाहिए।

आज कथा में चेयरमैन विनोद वैशाली भी शामिल रहे, श्री मोहन लाल ने व्यास पूजन किया कुंज बिहारी शर्मा, विश्वबन्धु सचदेवा, जितेंद्र अग्रवाल, अभिषेक मैत्री, नरेंद्र मोहन मिश्र (अधिशासी अधिकारी), वेदप्रकाश चौधरी, रजनीश चौधरी, प्रदीप शर्मा, राहुल राणा, ललित त्यागी, सूबे सिंह, मोनू धामा, दुष्यंत यादव, आलोक कौशिक, नीटू चौधरी, जितेंद्र चौधरी, नरेंद्र तोमर, लोकेश ढोडी, विनीत शर्मा, ध्यान सिंह उपस्थित रहे।

# हस्ताक्षर अभियान को बनाए सफल: सतीश शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने पार्टी की बैठक में कहा कि बीजेपी ने चुनाव आयोग से साठगांठ कर देश में लगभग हर चुनाव में वोटों की जबरदस्त चोरी करके सरकारें बनाई हैं। जननायक नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी ने बीजेपी की इस वोट चोरी को पकड़कर साबित करके पूरे देश को दिखा भी दिया है। वोट चोरी के खिलाफ जनमानस को जागरूक करने हेतु पूरे देश में 15 सितंबर से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है, जो 15 अक्टूबर तक चलेगा।

जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों से जोर देकर कहा कि हरेक छोटे बड़े पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में कम से कम एक हजार लोगों के हस्ताक्षर बीजेपी की इस वोट चोरी के खिलाफ कराने हैं और इस अभियान को पूरी शिद्दत के साथ हर कीमत पर सफल बनाना है किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष शर्मा ने बैठक में लोगों से हस्ताक्षर कराने हेतु पत्रक भी वितरित किए।

साथ ही बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बीजेपी की इस 'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान को शहर - शहर, गांव -गांव , गली - गली और घर - घर पहुंचाने हेतु कड़े निर्देश दिए हैं। अन्य वक्ताओं ने सभी से अपने घरों पर पार्टी का झंडा व अपनी नेम प्लेट और 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का बोर्ड लगाने पर बल दिया। हृदय परिवर्तन कर बीजेपी समर्थक अधिवक्ता सुनील कुमार व राजन वर्मा ने अपने साथियों समेत कांग्रेस का थामा 'हाथ'। वर्षों से घर बैठे पुराने कांग्रेसी सरदार हरदीप सिंह नामधारी और लक्की बालिया का भी पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया । तथा सभी को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया साथ ही जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने पूर्व सैनिक राजेंद्र त्यागी को पार्टी के सैनिक विभाग का महानगर चेयरमैन नियुक्त किया। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष अश्विनी त्यागी ने किया।

बैठक में ओमदत्त गुप्ता, विधायक प्रत्याशी शशि भूषण शर्मा, गिरीश शर्मा, हरिओम गुप्ता, तरुण कुमार शर्मा, रूप किशोर गोयल, सुनील कुमार, ओ डी त्यागी, दिनेश, राजन वर्मा, विजय सिंह तोमर, संजीव कुमार सिंह, मो इरफान, वीरेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा बबलू, अनबार कुरैशी, नईम त्यागी, जयवीर सिंह, लज्जा यादव, रूबी मलिक, सविता जायसवाल, सविता गौतम, गीता देवी, आशा ठाकुर, मीना कश्यप, राबिया अंसारी, शमशुद्दीन, उदय सिंह पाल, हरपाल जी, आबिद, चो राजकुमार, डॉ बाबू राम शर्मा, उज्जवल गर्ग, विक्रांत चौधरी, गिरीश शर्मा, डॉ पप्पू चौहान, शाकिब चो, अजय शर्मा आदि अनेक कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संबंध विच्छेद

मैं जमालुददीन पुत्र मोसे खान निवासी- खसरा नं- 778, ग्राम- मीरपुर हिन्दु लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र रहवर खान व पुत्रवधु मुस्कान को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# घर में हुई चोरी के मामले में महिला केयरटेकर पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस की पश्चिम विहार पूर्व थाने की टीम ने महिला केयरटेकर को घर में चोरी के मामले में पकड़ा है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि ४ सितम्बर को पश्चिम विहार पूर्व थाने में घर में चोरी के एक मामले के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी।शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने ३१.अगस्त को ट्रांज केयर एजेंसी के माध्यम से श्पीश नामक एक केयरटेकर को अपनी बीमार माँ की देखभाल के लिए काम पर रखा था। उक्त तिथि को, श्पीश कथित तौर पर खाना खरीदने के बहाने घर से निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। इसके तुरंत बाद, शिकायतकर्ता की माँ ने उसे फोन पर सूचित किया कि केयरटेकर वापस नहीं आई है।

घर लौटने पर, शिकायतकर्ता ने पाया कि उसका पर्स, जिसमें दस से पंद्रह हजार रुपए की नकदी और लगभग २० ग्राम वजन की दो सोने की चूड़ियाँ थीं, घर से गायब थीं। इसके बाद पश्चिम विहार पूर्व थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी पश्चिम विहार पाटिल स्वागत राजकुमार की देखरेख में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने संदिग्ध की तस्वीरें विश्वसनीय स्रोतों और उसके आवासीय सोसाइटी के गोपनीय नेक लोगों को दिखाकर स्थानीय स्तर पर पूछताछ की।इसी बीच १६ सितंबर को, टीम को उत्तम नगर मेट्रो स्टेशन पर कथित महिला श्पीश की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना मिली। इस सूचना पर टीम ने उक्त स्थान पर छापा मारकर महिला को पकड़ लिया। जब उससे पैसों के बारे में पूछा गया, तो उसने बताया कि उसने पैसे खर्च कर दिए हैं और सोने की चूड़ियाँ एक जौहरी को बेच दी हैं।इस मामले में महिला आरोपी श्पीश को गिरफ्तार कर लिया गया है। चोरी की गई सोने की चूड़ियों की बरामदगी के लिए आगे के प्रयास जारी हैं।

## गोल मार्केट संग्रहालय के पास सबवे का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष- केशव चंद्रा ने आज भाई वीर सिंह मार्ग, में गोल मार्केट संग्रहालय के लिए सबवे के निर्माण की आधारशिला रखी। गोले मार्केट संग्रहालय के निकट सबवे के निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह के बाद, एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने बताया कि एनडीएमसी मौजूदा गोल मार्केट भवन को राष्ट्रीय महत्व के संग्रहालय के रूप में पुनर्विकास कर रही है। नागरिकों, आगंतुकों, छात्रों और पर्यटकों आदि के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग तथा आधुनिक पहुँच के लिए संग्रहालय तक एक सबवे का निर्माण किया जाएगा। इस सबवे में प्रवेश और निकास बिंदुओं पर दिव्यांग व्यक्तियों के लिए लिफ्ट की सुविधा भी होगी। सबवे की निर्माण लागत लगभग १.९० करोड़ रुपये होगी और इसे चार महीनों के भीतर पूरा किया जाएगा। सबवे की लंबाई ४० मीटर, ऊँचाई लगभग ३ मीटर और चौड़ाई ३.५ मीटर होगी। सबवे सहित गोल मार्केट संग्रहालय भवन की कुल परियोजना लागत २१.६७ करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि पूरी परियोजना फरवरी २०२६ में पूरी हो जाएगी।

# पीएम मोदी के 75वें बर्थडे पर 75 देशों के राजदूत व हाई कमिशनर्स ने लगाए 75 पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत एक अनोखा ग्लोबल प्लांटेशन ड्राइव पीबीजी ग्राउंड, दिल्ली रिज पर आयोजित हुआ। इसमें 72+ देशों के 75 से ज्यादा एम्बैसडर्स, हाई कमिश्नर्स और हेड्स ऑफ मिशन ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 17 सितम्बर (पीएम मोदी का बर्थडे) से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक देशभर में चल रहे सेवा पखवाड़े का अहम हिस्सा है।

इस अनोखे एवं ऐतिहासिक इवेंट में एशिया, अफ्रीका, यूरोप, ओशिआ. निया, नॉर्थ और साउथ अमेरिका, कैरिबियन और लैटिन अमेरिका के देशों से आए डिग्निटरीज और उनके फैमिली मेंबर्स ने हिस्सा लिया। हर फॉरेन डेलीगेट ने अपनी मदर के नाम पर पौधा लगाया। हर सैपलिंग के साथ नेमप्लेट लगी जिसमें डेलीगेट का नाम, उनकी मदर का नाम और ट्री स्पीशीज लिखी थी।इस मौके पर केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि "ये पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा इवेंट है। पीएम मोदी के एक पेड़ माँ के नाम की अपील हमें यह एहसास दिलाती है कि धरती को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। कई एम्बैसडर्स और हाई कमिश्नर्स अपनी माँ को याद करके भावुक हो गए। सेवा पखवाड़ा के तहत २५ सितम्बर को पूरे देश में ७.५ करोड़ सैपलिंग्स लगाए जाएंगे। आज इंडिया से इसकी खुशबू पूरी दुनिया तक पहुंची है।"मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली का ग्रीन कवर 25% बढ़ा है, जो अन्य सभी प्रदेशों में सबसे ज़्यादा है। एक पेड़ माँ के नाम सिर्फ कैंपेन नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है।



आपके द्वारा लगाया हुआ हर पेड़ माँ के प्यार और संवेदना का प्रतीक है। क्लाइमेट चेंज, बायोडाइवर्सिटी लॉस और एयर पॉल्यूशन की चुनौतियाँ किसी बॉर्डर को नहीं मानतीं, इसलिए हमें ग्लोबल लेवल पर साथ मिलकर काम करना होगा।

# दिल्ली में पहली 'निपुण शाला' का सरकारी स्कूल से शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अवसर पर सर्वोदय कन्या विद्यालय, सी-3 नंबर 1 में दिल्ली सरकार की शिक्षा नीति निपुण संकल्प योजना के तहत पहली निपुण शाला का लोकार्पण किया गया। दिल्ली सरकार ने कक्षाओं 1 से 8 के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल को सशक्त बनाने हेतु "निपुण संकल्प" योजना की शुरुआत की है। रोटरी क्लब के सहयोग से स्थापित यह निपुण शाला बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार और सर्वेक्षण के परिणामों को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

इस अवसर पर विशेष रूप से जनकपुरी क्षेत्र के कई ब्लॉकों के आर डब्ल्यू ए के प्रतिनिधि भी बुलाये गए थे। इसके साथ ही सूद ने नमो सुगम्य रथ एवं सुगम्य दिल्ली यात्रा (पश्चिमी क्षेत्र) का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) २०२० के विजन को साकार करने में दिल्ली लगातार अग्रणी भूमिका निभा रही है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले तीन वर्षों में राजधानी का प्रत्येक विद्यालय निपुण सर्टिफाइड स्कूल बने। निपुण शाला की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ सेवा पखवाडेक की भावना को और मजबूत करती है।शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया की निपुण संकल्प योजना के माध्यम से दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करेगी की दिल्ली के हरेक सरक. ारी स्कूल का हर बच्चा प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में दक्ष बने।



दिल्ली में पहली 'निपुण शाला' का सरकारी स्कूल से शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री आशीष सूद।

## एक नजर

### नाबालिग पर हथियार से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्रिलोकपुरी में एक नाबालिग पर झगड़े के दौरान तेज हथियार से हमला हुआ, जिसमें उसके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार, पीड़ित को खून से लथपथ हालत में पाया गया। उसे तुरंत लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया, जहां से आगे के इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है और एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

**उफ्फ ये लव है मुश्किल में देखने को मिलेगा बड़ा ड्रामा**

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो उफ्फ-ये लव है मुश्किल अपने गहरे जज्बात,पारिवारिक ड्रामा और युग सिन्हा (शब्बीर अहलूवालिया) व कैरी शर्मा (आशी सिंह) के बीच बनते रिश्ते की कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है। गणपति समारोह के दौरान कैरी सभी भाइयों को एक साथ पूजा के लिए लाती है। लेकिन लता (रिद्धिमा पंडित) की शर्त के चलते युग उसके साथ आरती करता है, जिससे कैरी का दिल टूट जाता है। इसके बाद युग लता के सामने स्वीकार करता है कि उसका दिल कैरी और अपने भाइयों के साथ था, जो यह संकेत देता है कि उसके मन में कैरी के लिए भावनाएँ बढ़ रही हैं। आने वाले एपिसोड्स में सिन्हा परिवार में बड़ा ड्रामा देखने को मिलेगा।

### एक दिन में किए 11786 महिलाओं के ईसीजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नारायणा हेल्थ ने स्त्री हृदय देखभाल में उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक ही दिन में अपने २० से अधिक अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में महिलाओं के लिए 11,786 मुफ्त ईसीजी स्क्रीनिंग कीं। यह पहल देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर को शुरू किए गए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के समर्थन में की गई थी।एक ही दिन में किए गए ये स्क्रीनिंग कार्डियोवैस्कुलर रोगों के प्रारंभिक पता लगाने की अहमियत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किए गए, खासकर उन महिलाओं के लिए जो हृदय देखभाल में अक्सर कम निदान पाती हैं । महिला की सेहत पर केंद्रित इस रिकॉर्ड तोड़ पहल में, नारायणा हेल्थ ने अपने अस्पतालों में 11,786 ईसीजी स्क्रीनिंग सफलतापूर्वक संचालित कीं जो पिछले वर्ष के 3,797ईसीजी के रिकॉर्ड से लगभग तीन गुना अधिक है। इस वर्ष की पहल ने न केवल उम्मीदों को पार किया, बल्कि नारायणा हेल्थ के 2023 के एक दिन में किए गए ईसीजी का अपना वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ा ।नारायणा हेल्थ के संस्थापक और चेयरमैन, डॉ. देवी शेट्टी ने कहा, ष्हमें एक ही दिन में 5,000 ईसीजी का लक्ष्य पार कर खुशी हुई है। यह मात्र एक संख्या नहीं है यह हजारों महिलाओं का प्रतिबिंब है ।

### डूसू चुनाव: 52 मतदान केन्द्रों के 195 पोलिंग बूथों पर हुआ मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) २०२५ चुनाव में कुल ५२ मतदान केन्द्रों पर बने १९५ पोलिंग बूथों पर विद्यार्थियों ने वोट डाले। सुबह के ३६ कॉलेजों और विभागों के सात मतदान केन्द्रों तथा दक्षिणी परिसर में बने मतदान केंद्र पर सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर बाद एक बजे तक वोट डाले गए जबकि शाम के आठ कॉलेजों में दोपहर बाद तीन बजे से मतदान शुरू हुआ।

डूसू चुनाव के मुख्य अधिकारी प्रो. राज किशोर शर्मा ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण रहा। सभी मतदान केंद्रों पर ऑब्जर्वर लगातार निरीक्षण करते रहे। मतदान के पश्चात ईवीएम को विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित मल्टीपर्पज हाल में बने स्ट्रांग रूम में रखा गया है। उन्होंने बताया कि सीसी कैमरा सहित सभी तरह की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से कर ली गई हैं। मतगणना के लिए मल्टीपर्पज हॉल के बेसमेंट में पूरी तैयारी कर ली गई है। मतगणना १९ सितंबर, २०२५ को होगी।

# आयुषी डबास ने केबीसी में जीते 25 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केबीसी के सीजन 17 में आईएएस अधिकारी और वसंत विहार की एसडीएम आयुषी डबास ने 25लाख रुपये की रकम जीती है। आईएएस अधिकारी आयुषी ने 13 सवालों का सही जवाब दिया, मगर 50 लाख रुपये के 14वें सवाल पर वह अटक गई। इस दौरान उनके पास कोई लाइफ लाइन नहीं बची थी, जिस कारण उन्होंने खेल को आगे नहीं बढ़ाया। हाल ही में वायरल हुए एपिसोड में दृष्टिबाधित प्रतिभागी आयुषी डबास ने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड जीतकर हॉट सीट पर जगह बनाई। इस दौरान शो के होस्ट और बॉलीबुड महानायक अमिताभ बच्चन ने स्वयं उन्हें कुर्सी तक पहुंचाया। शो के दौरान आयुषी के जज्बे को अमिताभ बच्चन ने भी सलाम किया।

शो के दौरान आयुषी ने बताया कि जब से कौन बनेगा करोड़पति शुरू हुआ है, उनका पूरा परिवार एक साथ बैठकर इसे देखता है और उन्हें बताता था कि सेट कैसा है, रोशनी कैसी है और आप किस तरह हर प्रतिभागी को सहज महसूस कराते हैं।

# ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के अध्यक्षों व महासचिवों की घोषणा

**शाह टाइम्ससंवददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने तिब्बी कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्षों और महासचिवों की घोषणा संगठन के नियमानुसार की है, जिनमें डॉ. शकील अहमद (दिल्ली) अध्यक्ष, डॉ. गयासुद्दीन सिद्दीकी (दिल्ली) महासचिव, डॉ. महमूद अहसन सिद्दीकी (राजस्थान) अध्यक्ष, प्रोफेसर सैयद अब्दुल मुजीब (राजस्थान) महासचिव, डॉ. एसएम अहसन एजाज (उत्तर प्रदेश) अध्यक्ष, डॉ. मुहम्मद अकमल बारा बांकवी (उत्तर प्रदेश) महासचिव, डॉ. मुश्ताक मकादम (महाराष्ट्र) अध्यक्ष, डॉ. अफजल शेख (महाराष्ट्र) महासचिव, डॉ. मुहम्मद अजीम बेग (महाराष्ट्र) कोषाध्यक्ष, डॉ. नदीम उस्मानी (महाराष्ट्र) संयोजक, डॉ. सैयद जफर हसन (मध्य प्रदेश) अध्यक्ष, डॉ. अजीम खान (मध्य प्रदेश) महासचिव सचिव, डॉ. अतीक अहमद खान (तेलंगाना) अध्यक्ष, हकीम मुहम्मद हसामुद्दीन तलत (तेलंगाना) महासचिव, हकीम मिर्जा सफीउल्लाह बेग (तेलंगाना) संयोजक, डॉ. अकबर शेरगांवकर (गुजरात) अध्यक्ष, डॉ. मुहम्मद यासिर कुरेशी (गुजरात) महासचिव, डॉ. अब्दुल सलाम फलाही (बिहार) अध्यक्ष, डॉ. कमरुद्दीन जाकिर (हरियाणा) अध्यक्ष, प्रो. मुहम्मद असदुल्लाह (पश्चिम बंगाल) अध्यक्ष, डॉ. मुहम्मद सफदर इस्माइल (पश्चिम बंगाल) महासचिव, हकीम मुहम्मद अशरफ लोन (जम्मू और कश्मीर) अध्यक्ष, डॉ. मुहम्मद यूसुफ दिन्थू (जम्मू और कश्मीर) महासचिव, डॉ. इलियास मजहर हुसैन (हिमाचल प्रदेश) अध्यक्ष, डॉ. मुहम्मद असलम शेरखान (हिमाचल प्रदेश) महासचिव, डॉ. अमीना यास्मीन (कर्नाटक) अध्यक्ष, डॉ. रूबीना अंसारी (छत्तीसगढ़) अध्यक्ष, डॉ. के. टी. अजमल (केरल) अध्यक्ष, डॉ. मतिउल्लाह मजीद (उत्तराखंड) अध्यक्ष, डॉ फकीहऊद्दीन (मणिपुर) अध्यक्ष, डॉ शब्बीर अहमद अंसारी (असम) अध्यक्ष। इसके अलावा पंजाब, तमिलनाडु, झारखंड, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा के अध्यक्षों के नामों की भी जल्द ही घोषणा की जाएगी। प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने डॉ तैय्यब अंजुम को ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस (यूथ विंग) का राष्ट्रीय अध्यक्ष और डॉ एजाज अली कादरी को महासचि. चव मनोनीत किया है। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस में हकीम अरबाबुद्दीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ उजैर बकाई को महासचिव और हकीम नईम रजा दिल्ली और हकीम रिशादुल इस्लाम इलाहाबाद को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि पिछले ३६ वर्षों से निरंतर और बहुत ही संगठित तरीके से तिब्बी कांग्रेस का सफर जारी है और देश भर में हमारा एक मजबूत नेटवर्क है, जिसकी मदद से हम सफलता की ओर बढ़ रहे हैं।

# प्रधानमंत्री की लम्बी उम्र की दुआ कर गरीब बच्चों को खिलाया केक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, सीनियर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट अमन सिन्हा और राष्ट्रवादी संस्था पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति संघ पंजीकृत के मुख्य संरक्षक, वरिष्ठ भाजपा नेता इरफान अहमद राष्ट्रीय अध्यक्ष एहसान अब्बासी और दिल्ली प्रदेश पीएमएस संघ के पदाधिकारीगण व समाज के प्रबुद्ध लोगों द्वारा देश की सुप्रसिद्ध दरगाह हजरत निजाम. ुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह की बारगाह में अकीदत की चादर व फूल पेश किए।

केक काटकर यतीम गरीब बच्चों में केक व मिष्ठान वितरण कर विश्व के जनप्रिय नेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ७५वे जन्मदिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया और उनकी सेहत, सलामती और लंबी उम्र की दुआ दरगाह शरीफ के सज्जादा नशीन पीर सैयद गुलाम निजाम निजामी सहाब ने कराई । इस भव्य जन्म दिवस प्रोग्राम में हाजी कल्लू खघन, हसन खघन मेवाती, आजाद नूरानी, इकबाल खघन मिरासी, रियाज अंसारी वगैरह शामिल हुए।



# महापौर ने किया कीटनाशक छिड़काव कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा आज गीता कॉलोनी, यमुना पुल के समीप यमुना नदी के तटवर्ती बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु ड्रोन तकनीक का उपयोग कर कीटनाशक छिड़काव अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर, सरदार राजा इकबाल सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मलेरिया समिति की अध्यक्ष नीता बिष्ट, अतिरिक्त आयुक्त, पंकज नरेश अग्रवाल, सिटी एस पी जोन के उपायुक्त, विवेक अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ अशोक रावत सहित जनस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। निगम निरंतर यह प्रयास कर रहा है कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। यमुना के तटवर्ती क्षेत्र इस समय बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसके कारण मच्छरों के प्रजनन की संभावना अधिक हो जाती है। ऐसे में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से लोगों को बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव एक आधुनिक और कारगर उपाय है।

## हत्या प्रयास मामले में दो फरार जिम प्रशिक्षकों को पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के राजिंदर नगर थाने के स्टाफ ने हत्या के प्रयास के मामले में दो फरार आरोपियों को पकड़ा है।दोनों आरोपी जिम प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत थे। दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वलसन ने बताया कि १३ अगस्त को राजिंदर नगर थाने में हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन की एक घटना के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिम मालिक शिकायतकर्ता, ने आरोप लगाया कि ०५ अगस्त को उसके मुवक्किल विकास सोलंकी ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी। ११ अगस्त को विकास सोलंकी अपने साथियों विक्रम, सरोज, पंकज, राहुल चौधरी, संजय चौधरी और अन्य के साथ देसी पिस्टल रिवॉल्वर, लोहे की रॉड और लकड़ी के डंडे से लैस होकर उसके जिम में जबरन घुस आया। उन्होंने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और सीसीटीवी का डीवीआर चुराकर सबूत मिटाने की कोशिश की।

# गैंगस्टरों की कमर तोड़ने को 820 पुलिसकर्मियों की 40 टीमों की छापेमारी

**इस छापेमारी में गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया, नीरज-राजेश बवाना, जितेंद्र गोगी व काला जठेरी के गुर्गों और उनकी सहायता करने वालों की धड़पकड़ की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से दिल्ली पुलिस जिलास्तर पर ऑपरेशन अंत चलाकर दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में कुख्यात गैंगस्टर के नेटवर्क को ध्वस्त करने की को. शिश में लगी हैं। जिसमें उनको कामयाबी भी मिली है। इस बार बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने पहले से ही जानकारी जुटाकर बीती रात ८२० पुलिसकर्मियों की ४० टीमों ने एक साथ ५८ संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया, नीरज-राजेश बवाना, जितेंद्र गोगी व काला जठेरी के गुर्गो और उनकी सहायता करने वालों की धड़पकड़ की। जिसमें करीब दर्जन भर हिरासत में लिये, जबकि लाखों रुपये व दर्जन भर हथियार बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों से हथियारों के सॉर्स के बारे में पता लगाने की को. शिश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दरअसल दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ सालों से कारोबारियों, प्रापर्टी डीलरों आदि को धमकी देकर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी मिल रही थी। इसके अलावा अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिये गैंगवार भी हो रही थी। जिसके चलते बीती रात अभियान चलाया गया था। इसकी तैयारी पिछले काफी समय से चल रही थी। जिसमें ह्यूमैन सॉर्स की सबसे ज्यादा सहायता ली गई थी। इसके अलावा तकनीकी तौर पर संदिग्धों के मोबाइल फोन को भी सर्वलांस पर लगाकर उनकी लो. केशन पर नजर बनाए हुए थे। ये ऑपरेशन जिलास्तर पर आने वाले दिनों में चालू रहेगें। जिनकी तैयारी जिला अधिकारी कर भी रहे हैं।

इन अभियानों के चलने के पीछे मकसद गैंगस्टरों की लोगों के दिलों से दहशत खत्म करने और गैंगस्टरों के गैंग को खत्म करना है। बता दें कि करीब चार दिन पहले ही द्वारका जिला पुलिस ने भी दिल्ली व हरियाणा में २५ जगहों पर छापेमारी कर कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और विक्की टक्कर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया था, जबकि छह को गिरफ्तार भी किया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा के आदेश पर जिले की टीमें अपने-अपने इलाके में इस तरह से एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं।

इस क्रम में इस अभियान में उत्तरी रेंज की दो जिलों की पुलिस ने संयुक्त रूप से मिलकर एक साथ काम किया। पुलिस टीमें साइबर टीमों के साथ मिलकर विदेश में बैठे गैंगस्टरों के ठिकानों के बारे में पता करके उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है। जिसके लिये गैंगस्टरों और संदिग्ध सोशल मीडिया आईडी पर साइबर की टीमें नजर रखे हुए हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मोहम्मद असलम अंसारी पुत्र मरहूम मोहम्मद मेकुद्दीन निवासी मकान नं. 184, गली नं. 2, ए ब्लॉक, श्रीराम कालोनी, खजुरी, दिल्ली है। मैं अपने बेटे मो. अकरम और उसकी पत्नी आरफीन को उसके चाल चलन और चरित्र सही न होने की वजह से अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उससे कोई भी संबंध और लेन देन करता है, उसका वह खुद जिम्मेदार होगा।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# गुम मोबाइल पाकर लोगों की मुस्कान लौटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** पुलिस ने शहर के अलग-अलग हिस्सों से गुम और चोरी हुए 101 स्मार्ट मोबाइल फोन को ढूंढकर पीड़ितों को सौंप दिया। गठित स्पेशल टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से गायब हुए मोबाइल फोनों को तलाशा। थाना फेस-दो पुलिस के अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सभी मोबाइल धारकों ने अपने मोबाइल फोन वापस पाकर पुलिस की प्रशंसा की और अपना मोबाइल देखकर सभी के चेहरे खिल उठे।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा शैव्या गोयल व सहायक पुलिस आयुक्त प्रथम सेन्ट्रल नोएडा वर्णिका सिंह के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल सेन्ट्रल नोएडा गौतमबुद्धनगर व थाना फेस 2 नोएडा पुलिस द्वारा विभिन्न व्यक्तियों के गुम हुए 101 कीमती स्मार्ट फोन को सर्विलांस के माध्यम से खोजकर उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया।



डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि लोगों के भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों, सुबह-शाम टहलते समय मोबाइल गिर जाते थे या कहीं छूट जाते थे। जिनके संबंध में सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थानों में गुमशुदगी दर्ज थी, जिन पर कार्यवाही करते हुए गुम हुए मोबाइल फोनों को सर्विलांस के माध्यम से खोजकर आज उनके स्वामियो को सुपुर्द किया गया। डीसीपी ने बताया कि इससे पहले भी पुलिस कई मोबाइल फोनों को तलाश कर पीड़ितों के सुपुर्द कर चुकी है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सभी थानों से चोरी और गुम हुए मोबाइल की जानकारी ली गई। इसके बाद नंबर को सर्विलांस पर लगाया गया। अन्य तकनीकों का भी इस दौरान सहारा लिया गया। कई मोबाइल को चोरों और बदमाशों ने राहगीरों को बेहद कम दाम में बेच दिया था। पुलिस ने जब मोबाइल खरीदने वालों को कार्रवाई का डर दिखाया तो उन्होंने मोबाइल फोन पुलिस के सुपुर्द कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मोबाइल फोन के मालि. कों को ट्रेस करके आज उन्हें मोबाइल फोन सौंप दिया है। पुलिस द्वारा मोबा. इल फोन सौंपे जाने से फोन के मालि. कों के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई। उन्होंने पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

वहीं पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा मोबाइल फोनों को बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रूपए के पुरूस्कार से पुरूस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

## जिलाधिकारी ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मेधा रूपम ने इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की तैयारियों एवं वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिये कि वीवीआईपी आगमन के दौरान सुरक्षा, यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था बेहतरीन और सुचारु हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और समन्वय व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। उन्होंने प्रदर्शनी स्थल पर स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, हेल्प डेस्क और प्राथमिक उपचार जैसी बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, नगर मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, डिप्टी कलेक्टर दुर्गेश सिंह, इंडिया एक्सपो मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिसरख में श्मशान घाट का निर्माण जल्द होगा शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बिसरख में श्मशान घाट का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। बिसरख सहित ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी काफी समय से इसकी मांग कर रहे थे। यह श्मशान घाट लगभग डेढ़ साल में तैयार हो जाएगा। इसे बनाने में करीब 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन की तरफ से इसका निर्माण जल्द शुरू करने की तैयारी है। इसमें चारद. ीवारी के अलावा दाह संस्कार के लिए 40 प्लेटफार्म, मंदिर, 120 गाड़ियों की पार्किंग, प्रार्थना सभा, सीसी रोड, लकड़ी का गोदाम आदि निर्माण कराए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शमशान घाट न होने से यहां के निवासियों को परेशानी हो रही थी। अपने प्रियजनों की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए उनको गाजियाबाद, नोएडा सेक्टर- 94 या फिर ग्रेटर नोएडा के साकीपुर जाना पड़ता है।

# डिजिटल अरेस्ट के जरिये 1.70 करोड़ की ठगी

■ **तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से उपनिदेशक के पद से रिटायर्ड एक बुजुर्ग अधिकारी को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके साइबर अपराधियों ने 1.70 करोड़ रुपए की ठगी कर ली थी । पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच-पड़ताल कर रही साइबर क्राइम पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ठगी की रकम में से 17. 48 लाख रुपए को फ्रिज करवाया गया है।



अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-62 में रहने वाले रिटायर्ड अधिकारी से साइबर अपराधियों ने धन शोधन के मामले में संलिप्त होने का भय दिखाकर 3 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके उनसे एक करोड़ 70 लाख रुपए की ठगी कर ली थी। घटना की रिपोर्ट 16 सितंबर को रिटायर्ड अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने थाना साइबर क्राइम पुलिस में दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही साइबर क्राइम पुलिस ने बृहस्पतिवार की शाम को प्रिंस कुमार पुत्र नवीन सिंह निवासी जनपद मधेपुरा बिहार, अवनीश कुमार पुत्र अंजनी कुमार निवासी जनपद मुजफ्फरपुर बिहार, विद्यासागर यादव पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी जनपद दरभंगा बिहार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर चेक करने पर पता चला कि इनके खिलाफ विभिन्न राज्यों में 6 से ज्यादा शिकायत दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खाते में ठगी की रकम गई थी। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।

## एक नजर

### पीएफ की रकम अब तीन दिन में मिलेगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पीएफ निकलने की अवधि घटा दी है। अब छह से सात कार्य दिवसों की बजाय तीन दिन में राशि बैंक खाते में पहुंचेगी। इसके लिए पीएफ खाताधारक के सभी दस्तावेज सही होने जरूरी हैं। पीएफ राशि निकालने के लिए, ईपीएफओ सदस्य पोर्टल या उमंग ऐप पर अपने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) और पासवर्ड से लॉग इन कर पीएफ राशि निकालने की प्रक्रिया को पूरी करते हैं। इसमें यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सदस्य का आधार, पैन और बैंक विवरण लिंक और सत्यापित हो। इसमें ऑनलाइन सेवाओं में जाकर राशि किस कार्य के लिए निकालनी है, उससे संबंधित फार्म को भरकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

इसमें मकान निर्माण, बीमारी के इलाज समेत अन्य मद में राशि निकालने की सुविधा है। संगठन के अनुसार पहले इसमें करीब एक सप्ताह का समय लग जाता था, अब यह प्रक्रिया तीन कार्यदिवसों में पूरी की जा रही है। क्षेत्रीय भविष्य निधि संगठन के अनुसार जिले में लगभग 15 लाख पीएफ खाता धारक पंजीकृत हैं। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त सुयश पांडे ने कहा कि पीएफ खाता धारकों की सुविधा के लिए तमाम तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सुविधाओं में विस्तार के कारण सेक्टर 24 स्थित कार्यालय में पीएफ संबंधी कार्यों के लिए पहुंचने वाले खाता धारकों की संख्या 50 फीसदी से भी कम हो गई है।

### डेंगू के आठ संवेदनशील स्थान चिह्नित

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में डेंगू के लिए आठ स्थानों संवेदनशील (हॉट स्पॉट) को चिह्नित किया गया। इन सभी स्थानों पर पांच से अधिक डेंगू मरीज मिले हैं। यहां लार्वा खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करेगा। सेक्टर-22, होशियारपुर, हरौला, बरौला, भंगेल, सालारपुर, सदरपुर और मामूरा में डेंगू के पांच से अधिक मरीज मिले हैं। एक-दो स्थान पर मरीजों की संख्या 10 तक पहुंच गई है। अलग-अलग स्थानों पर मरीजों की संख्या की रिपोर्ट के आधार पर ये हॉट स्पॉट निर्धारित किए गए हैं। इन स्थानों पर एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग सहित घरों के अंदर भी दवाओं का छिड़काव किया जाएगा।

इसके लिए विशेष अभियान चलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इन स्थानों पर अभियान के लिए मदद मांगी है। वहीं, प्राधिकरण अपने स्तर से पूरे शहर में एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग आदि कार्य पहले से ही कर रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति वर्मा ने बताया कि इन स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बुखार के मरीजों की स्वास्थ्य जांच भी होगी। जरूरत पड़ने पर उनके खून के नमूने लेकर जांच की जाएगी। ताकि बीमारी के फैलाव को नियंत्रित किया जा सके। प्रत्येक महीने सर्वे जुलाई से अक्तूबर तक प्रत्येक महीने स्वास्थ्य विभाग सर्वे करता है। मरीजों की रिपोर्ट, हॉट स्पॉट में मरीजों की संख्या, इन स्थानों पर बुखार के मरीजों की स्वास्थ्य जांच, लार्वा की स्थिति, जलभराव के आधार पर मलेरिया विभाग रिपोर्ट तैयार करता है। इसी के आधार पर हॉट स्पॉट का निर्धारण, जागरुकता कार्यक्रम के अलावा कार्रवाई सहित अन्य कार्य होते हैं।

### जारचा गांव में गहराया स्वास्थ्य और स्वच्छता संकट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गौतम बुद्ध नगर के जारचा गांव में स्वास्थ्य और स्वच्छता की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे ग्रामीणों का जीवन मुश्किल हो गया है। गांव में चारों ओर गंदगी, खुले नाले और कूड़े के बदबूदार ढेर लगे हुए हैं।

बारिश के मौसम में रुके हुए पानी में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। गंदगी और कूड़े के कारण ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और वे लगातार बीमार हो रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं की भी भारी कमी है। समय पर इलाज न मिलने के कारण बीमार लोगों की स्थिति और भी खराब होती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है।

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने होंगे। इसमें नाले-नालियों की नियमित सफाई, कूड़े का उचित निस्तारण और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना व सुधार शामिल है। साथ ही, ग्रामीणों को भी स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। स्थानीय निवासी नईम मेवाती ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन को इस मामले का तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

## यमुना का जलस्तर घटने से हजारों बीघा फसलें बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर घटने से स्थानीय प्रशासन ने राहत की सांस ली है। हालांकि, जलस्तर बढ़ने के कारण हजारों बीघा फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, जिससे किसान चिंतित हैं और मुआवजे का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन ने अब फसलों के आकलन के लिए एक टीम गठित की है।लगातार हुई बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर तटबंध तक पहुंच गया था। इससे जेवर के शमशम नगर, पूरन नगर, झुप्पा, जेवर खादर, मेंहदीपुर खादर, गोविंद गढ़, छोटी झुप्पा और छोटी कानीगढ़ी सहित लगभग 10 गांवों की हजारों बीघा फसलें जलमग्न हो गईं और पूरी तरह नष्ट हो गईं। किसानों की मेहनत पानी में मिल जाने से वे काफी परेशान हैं।जलस्तर बढ़ने पर तहसील प्रशासन भी चिंतित था। उस दौरान बाढ़ चौकियां बनाकर स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही थी और अधिकारी प्रभावित गांवों का दौरा कर रहे थे।

किसान संगठनों ने भी जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।अब हालात सामान्य होने के बाद तहसील प्रशासन ने बर्बाद हुई फसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए एक टीम का गठन किया है। यमुना नदी का पानी पूरी तरह से सामान्य होने और आकलन पूरा होने के बाद प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## रीलखा गांव में कब्रिस्तान का विरोध

**ग्रेटर नोएडा।** गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के रीलखा गांव के लोग कब्रिस्तान के प्रस्तावित स्थान का विरोध करते हुए यमुना प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। उन्होंने विभाग के ओएसडी शैलेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि यमुना प्राधिकरण ने सपेरा समुदाय को लगभग 2200 वर्ग मीटर जमीन कब्रिस्तान के लिए आवंटित की है। उनकी आपत्ति जमीन के आवंटन पर नहीं, बल्कि उसके स्थान पर है, क्योंकि यह गांव की आबादी के काफी नजदीक है।

ग्रामीणों ने बताया कि आबादी के पास कब्रिस्तान बनने से भविष्य में स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक तनाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कब्रिस्तान को गांव से दूर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

## बैंक की फर्जी एनओसी बनाकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज और बैंक की फर्जी एनओसी बनाकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को आज गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि वर्ष 2024 में अशोक कुमार ने थाना फेस -वन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्हें एक प्रॉपर्टी खरीदना था। प्रॉपर्टी डीलर के माध्यम से उन्होंने जीशान अली, विशाल गुप्ता, जहीर अहमद आदि से बातचीत की। इन लोगों ने सेक्टर-6 के एफ- ब्लॉक में एक 796 वर्ग मीटर का प्लाट बेचने का सौदा किया। सौदा 12 करोड़ 50 लाख रुपए में 30 मार्च वर्ष 2023 को हुआ। पीड़ित के अनुसार उसने विभिन्न बार में आरोपियों को 9 करोड़ 44 लाख 50 हजार रुपए दे दिया। आरोपियों ने उसे बैंक का फर्जी एनओसी दिखाकर यह कहा कि बैंक से लिया गया लोन चुका दिया गया है। पीड़ित के अनुसार बाद में जब उनके द्वारा खरीदे गए भूखंड पर नीलामी का नोटिस सरकारी संस्थान द्वारा लगाया गया तो उन्होंने बैंक में जाकर पता किया तो पता चला कि आरोपियों ने बैंक का फर्जी एनओसी उसे दे दिया था। इस मामले में बैंक के कुछ कर्मचारी भी मिले हुए थे।

उन्होंने बताया कि जब उन्होंने आरोपियों से बात की तो उन्होंने धमकी दी तथा कहा कि हम मीडिया से जुड़े हैं। तुम्हें बर्बाद कर देंगे। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीड़ित ने जीशान अली, विशाल गुप्ता, जहीर अहमद, आरिफ और अज्ञात के खिलाफ 17 अक्टूबर वर्ष 2024 को मुकदमा दर्ज करवाया था। इस मामले की विवेचना बाद में साइबर क्राइम पुलिस को सौंपी गई।

मामले की जांच कर रही साइबर क्राइम पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर उक्त घटना को अंजाम देने वाले जीशान अली पुत्र इफ्तिखार अली निवासी सर सैयद अपार्टमेंट नोएडा उम्र 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन बरामद किया है। इस गैंग में शामिल अन्य लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।

## चाइल्ड पीजीआई में जेनेटिक बीमारियों की जांच शुरू

■ **निजी अस्पतालों के मरीज भी ले सकते हैं लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गर्भ में पल रहे शिशु को कोई जेनेटिक बीमारी तो नहीं, इसका आसानी से पता चल सकेगा। चाइल्ड पीजीआई में कई जेनेटिक बीमारियों की जांच शुरू हो गई है। इस सुविधा का लाभ सिर्फ संस्थान में आने वाले मरीज नहीं बल्कि निजी अस्पतालों के मरीज भी ले सकते हैं।




संस्थान में अब थैलेसीमिया, स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी, ड्यूशेने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, फ्रैजाइल एक्स सिंड्रोम जैसी गंभीर बीमारियों की जांच शुरू हुई है। इससे गर्भ में पल रहे शिशु में संभावित ब्रेन डिफेक्ट या अन्य जेनेटिक समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है। अन्य जांच भी जल्द शुरू होने वाली है।

**निजी अस्पताल के मरीजों का होगा पंजीकरण:** निजी अस्पताल से जांच के लिए आने वाले लोगों को चाइल्ड पीजीआई में 10 रुपये का पंजीकरण शुल्क देना होगा। उसके बाद निर्धारित शुल्क जमा कर जांच करा सकेंगे। यह जांच शुरू होने से न सिर्फ नोएडा बल्कि आसपास के राज्यों और शहरों के लोगों को भी फायदा मिलेगा।

**कई बीमारियों की हो सकेगा इलाज:** विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते अगर बीमारियों की पहचान हो जाए तो कई मामलों में इलाज संभव है। चाइल्ड पीजीआई में उपलब्ध ये जांचें अब तक सिर्फ बड़े मेडिकल संस्थानों या निजी लैब में उपलब्ध थीं जिनकी लागत आम आदमी की पहुंच से दूर थी। अब सरकारी स्तर पर यह सुविधा मिलने से मध्यम व निम्नवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।

> निजी अस्पतालों के मरीज भी जेनेटिक बीमारियों की जांच करवा सकेंगे। इसके लिए उन्हें केवल 10 रुपये का पंजीकरण शुल्क देना होगा और जांच का निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। हालांकि यह जांच तभी की जाएगी जब डॉक्टर लिखेगा।
>
> **-डॉ. एके सिंह, निदेशक, चाइल्ड पीजीआई**

## गौतमबुद्धनगर में जलभराव की समस्या से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बम्बावड़ गांव में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के अंडरपास में लगातार जलभराव की समस्या बनी हुई है। महीनों बीत जाने के बाद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीण बेहद परेशान हैं।

यह अंडरपास गांव के मुख्य प्रवेश मार्ग पर स्थित है।अंडरपास में चौबीसों घंटे पानी भरा रहता है, जिससे ग्रामीणों को गंदे और कीचड़ भरे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार वाहन भी गहरे पानी में फंसकर बंद हो जाते हैं। लगातार पानी भरे रहने के कारण अंडरपास की सतह चिकनी हो गई है, जिससे दोपहिया वाहन और साइकिल सवार लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।छोटे बच्चों को स्कूल जाने में रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर वे पानी में गिरकर अपने कपड़े और किताबें खराब कर लेते हैं।

यह मार्ग गांव का मुख्य रास्ता होने के कारण हर ग्रामीण को इसी से होकर गुजरना पड़ता है।ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने इस संबंध में कई बार जन प्रतिनिधियों और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत की है। उन्होंने समस्या के निवारण की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि NHAI ने गांव की जमीन का अधिग्रहण कर एक्सप्रेस-वे तो तैयार कर लिया और टोल वसूली भी शुरू कर दी, लेकिन गांव की आबादी को नरक में धकेल दिया है। NHAI ने 2009 में बम्बावड़ गांव की सैकड़ों बीघा जमीन का अधिग्रहण किया था।

## पड़ोसी ने युवती का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के गांव में पड़ोसी किरायेदार ने किराये के मकान में रहने वाली युवती का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने वीडियो को अपने दोस्तों और युवती के परिवार के लोगों में वायरल कर दिया। पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस के मुताबिक युवती के पिता का आरोप है कि आरोपी पड़ोसी किरायेदार का उनके घर आना-जाना था। उनकी बेटी भी आरोपी किरायेदार के घर जाती थी। इस बीच आरोपी ने युवती का अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वह उसे वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करने लगा।

आरोपी ने उक्त वीडियो को अपने दोस्तों के फोन पर वायरल कर दिया। युवती की मां के व्हाट्सऐप पर भी वीडियो भेज दिया। वीडियो वायरल होने के बाद से युवती और उसके परिजन काफी परेशान हैं। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## नोएडा एयरपोर्ट के पास लांच हुई ग्रुप हाउसिंग स्कीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्षेत्र में घर की बढ़ती मांग को देखते हुए ग्रुप हाउसिंग श्रेणी में एक बार फिर भूखंड योजना लांच की है। इस योजना के तहत कुल 16 ग्रुप हाउसिंग भूखंडों का आवंटन किया जाएगा जो कि सेक्टर 17, 18 और 22डी में स्थित है। योजना के अंतर्गत 28 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकेगा जबकि 28 नवंबर को ई-नीलामी के माध्यम से भूखंडों का आवंटन होगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण यीडा क्षेत्र में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते यहां काम करने वाले लोगों को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन के लिए एक चुनौती बनती जा रही है. विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो औद्योगिक सेक्टरों में कार्यरत है उनके लिए ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे पहले यमुना प्राधिकरण ने 9 मई को 17 भूखंडों की योजना निकाली थी। योजना के अंतर्गत 27 जून को ई-नीलामी होनी थी, लेकिन अपेक्षित संख्या में आवेदन न मिलने के कारण सिर्फ एक भूखंड का ही आवंटन हो सका। शेष बचे 16 भूखंडों को अब दोबारा योजना में शामिल किया गया है।

**इस बार ज्यादा रेस्पॉन्स का भरोसा:** यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण जिस प्रकार यीडा क्षेत्र में निवेश और लोगों की मौजूदगी बढ़ रही है, उसे देखते हुए उम्मीद है कि इस बार ग्रुप हाउसिंग योजना को अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा।

# मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की हो रही जांच

■ **पनीर, ढोकला व राजकचोरी के छह नमूने जांच को भेजे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नवरात्रि एवं दशहरे के पर्व कुछ ही दिनों में आने वाला है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग अब खाने-पीने की वस्तुओं में मिलावट खोरों पर नकेल कसने के लिए अभियान शुरू किया है। आगामी त्योहारों पर जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम मेधा रूपम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित कर रहे हैं।



सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आज रेलवे रोड दादरी स्थित अल्वी पनीर भंडार व शाही पनीर भंडार से पनीर का 1-1 नमूना संग्रहित किया गया। उक्त सैंपलिंग खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह व विशाल गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से की गई। दादरी में स्थित एक अन्य प्रतिष्ठान धामीजा ग्राइंडर्स से एक नमूना सेंधा नमक का खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमर बहादुर द्वारा लिया गया। अल्फा 2 ग्रेटर नोएडा स्थित बीकानेरवाला के प्रतिष्ठान से ढोकला व राजकचोरी का 1-1 नमूना मुकेश कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संग्रहित किया गया।

वहीं जेवर तहसील के रबूपुरा स्थित ए टू जेड किराना स्टोर से सिंघाड़े के आटे का नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी रविंद्र नाथ वर्मा द्वारा लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान के दौरान आज 6 नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिससे जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

## हत्या करने के बाद बना ट्रक ड्राइवर, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ओखला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में एक युवक की हत्या करने के बाद फरार आरोपी अर्जुन चौहान उर्फ बुलडॉग को गिरफ्तार किया है। जो फरारी के वक्त ट्रक ड्राइवर का काम कर रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १३ अक्तूबर २०१८ को ईएसआई अस्पताल में एक मृत व्यक्ति के बारे में सूचना मिली। मृतक की पहचान सईद अनवर के रूप में हुई, जिसके शरीर पर चाकू के कई निशान थे। ओखला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि, अर्जुन चौहान उर्फ बुलडॉग फरार हो गया। ११ फरवरी २०१९ को उसको कोर्ट ने भगौड़ा घोषित कर दिया।

# सीएम ने शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तीन नए शैक्षणिक पाठ्यक्रमों नीव (नव उद्यम और उद्यमिता विकास योजना, जीवन का विज्ञान तथा राष्ट्रीय नीति का औपचारिक शुभारंभ किया।

भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, सम्बंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य मौजूद थे।

इस पाठ्यक्रम को दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने विकसित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना है, जिसमें शैक्षणिक शिक्षा के साथ-साथ महत्वपूर्ण जीवन कौशल और नागरिक जिम्मेदारी भी शामिल है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में लाखों विद्यार्थियों के लिए देश निर्माण के दृष्टिकोण से तीन नए करिकुलम लांच किए गए हैं। इन करिकुलम का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभ से ही बिजनेस माइंडसेट विकसित करना, उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से परिचित कराना और दक्ष बनाना है, ताकि वे समाज में केवल रोजगार खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले व्यक्तित्व के रूप में उभरें। उन्होंने कहा कि साइंस ऑफ लिविंग पाठ्यक्रम के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व के हर पक्ष को निखारा जाएगा और उनमें समाज के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन तीनों करिकुलम को शिक्षक समुदाय के बीच साझा किया गया है और यह सेवा पखवाड़े का विशेष हिस्सा है, जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार स्कूलों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं रखेगी, चाहे वह शौचालय, प्रयोगशालाएं, खेल मैदान या अन्य सुविधाएँ हों। उन्होंने दो. हराया कि उनकी प्राथमिकता बड़ी इमारतों या फ्लाईओवर बनाने से नहीं, बल्कि बेहतर स्कूल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे इस शिक्षा अभियान को आगे बढ़ाएं ताकि दिल्ली के सरकारी विद्यालय नए मानक स्थापित करें, समाज को योग्य नागरिक दें और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शिक्षकों को इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग देने और संदेश को पूरे शिक्षक समुदाय तक पहुंचाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी केवल छात्र नहीं, बल्कि भावी प्रधानमंत्री, वैज्ञानिक, उद्यमी, न्यायाधीश, सैनिक, कलाकार, शिक्षक और नेता हैं। एक राष्ट्र की ताकत उसकी इमारतों या सेना में नहीं, बल्कि उसके नागरिकों के चरित्र, मूल्य और जिम्मेदारी की भावना में निहित है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नए शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ करती हुईं।

# ललित मोदी के भाई समीर को एयरपोर्ट से पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने भगोड़े ललित मोदी के भाई समीर मोदी को एक पुराने बलात्कार के मामले में एयरपोर्ट से विदेश जाने से पहले हिरासत में लिया गया है। समीर मोदी को एयरपोर्ट से न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने ले जाया गया। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह मामला उनकी पूर्व लिव-इन पार्टनर द्वारा पहले न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया था। बता दें कि समीर मोदी मोदी एंटरप्राइजेज के कार्यकारी निदेशक हैं। इसके साथ ही वो गॉडफ्र फिलिप्स इंडिया के कार्यकारी निदेशक और इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक हैं। ५५ साल के समीर मोदी ने १९९२ में अमेरिका में फिलिप मॉरिस के साथ ट्रेनी के तौर पर काम शुरू किया। इसके बाद वो फैमली बिजनेस से जुड़ गए। उन्होंने १९९६ में मोदीकेयर लॉन्च किया था।

समीर मोदी का यह पहला मामला सामने नहीं आया है। इससे पहले भी वह कई विवादों में घिरे हैं। पहले वह ११ हजार करोड़ रुपये की संपत्ति के विवाद में रहे,जो उनके पिता के. के. मोदी की संपत्ति को लेकर है। समीर मोदी, उनकी मां बीना मोदी और भाई-बहनों के बीच यह कानूनी लड़ाई सालों से चल रही है। कोर्ट में यह मामला लगातार सुनवाई के दौर से गुजर रहा है।

## पीसीआर वैन ने एक को कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन के ड्राइवर ने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे सड़क किनारे रैंप पर चढ़ते समय पीसीआर वैन एक व्यक्ति को कुचल गई, जिसकी मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस मौके पर है और जानकारी जुटा रही है। दोनों पुलिस अधिकारियों, एएसआई और एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। एफआईआर दर्ज की जा रही है। दोनों पुलिसकर्मियों का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। मृतक की पहचान गंगाराम तिवारी के रूप में हुई है। जो उत्तरप्रदेश के गोंडा के रहना वाले थे। मृतक दिव्यांग थे, जो लकड़ी के सहारे चलते थे। उनके परिवार में पत्नी और ६ बच्चे हैं जिनमें ४ लड़कियां और २ लड़के हैं।

# त्योहारों का मौसम और स्कैमर्स का ऑनलाइन शॉपिंग पर जाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्योहारों पर हर किसी की इच्छा होती है कि वो घर में सजाने के लिये सामान लाए या फिर अपने पहनने या फिर सामने वाले को गिफ्ट देने के लिये सामान खरीदे। ऑनलाइन का युग होने पर आप अपने फोन पर अनगिनत साइडों पर जाकर अपनी मनपसंद चीज को लेने के लिये बस एक क्लिक करके सामान घर लाने की इच्छा करते हैं। ऐसे में ही आपकी जल्दबाजी का फायदा स्कैमर्स उठाकर आपके बैंक खाते से रकम निकाल सकते हैं।

उपहार देने और प्राप्त करने का समय होने के साथ-साथ, त्यौहारी सीजन साइबर अपराधियों के लिए पैकेज डिलीवरी के आसपास के उत्साह का फायदा उठाने के लिए भी उपयुक्त होता है। तो सावधान हो जाएं और सावधानी से सामान खरीदने वाली खासतौर पर सामान के साथ लुभावने और भारी छूट देने वाली साइडों को ध्यान से देखें। ऐसी साइडों की सच्चाई जानने के लिये उनके युआरएल की जरूर जांच कर लें। असल में जैसे जैसे त्यौहारों के दिन नजदीक आते जा रहे हैं।

स्कैमर्स भी असली साइडों की नकली असली की तरह दिखाई देने वाली साइडों को बनाकर धोखाधड़ी करने की तैयारी कर चुके हैं। ऐसे ही एक धोखाधड़ी की शिकार गाजियाबाद की रहने वाली महिला हुई, जिसने अपने पसंदीदा सूट एक साइड पर देखे थे। ऑनलाइन शिकायत में महिला ने बताया कि वह प्रताप विहार,गाजियाबाद में परिवार के साथ रहती है। बीते आठ सितम्बर को उसने एक साइड पर कुर्तिया व सूट देखे थे। दाम में कम और दिखने में आकर्षित कर रहे थे। साइड पर क्लिक करने पर उनके पास एक व्हट्सएप से कॉल आया। जिसने बताया कि हम कैश डिलिवरी नहीं करते हैं। आपको ऑनलाईन डिलिवरी करनी होगी। उसने २१ हजार दस रुपये १४ ट्रांजेक्शन में किये थे। कॉलर ने कभी जीएसटी तो कभी पेमेंट डिलिवरी नहीं होने और या फिर पैमेंट वापिस देने का भरोसा देकर उससे ठगी की। आलम यह हो गया था कि अपने ही

रुपये वापिस लेने के लिये उसने अपने भाई से सात हजार रुपये उधार लिये थे। जब उसको ठगी का अहसास हुआ। परिवार को आपबीति बताकर ऑनलाइन शिकायत दी।

सार्वजनिक वाई-फाई भी स्कैमर्स कर रहे हैं इंस्टरसेप्ट साइबर एजेंसियों के अधिकारी बताते हैं कि अगर आप कस्बों या शहर के केंद्रों में खरीदारी करने जा रहे हैं, तो अक्सर आपके पास ढेरों सार्वजनिक वाई-फाई विकल्प उपलब्ध होंगे। हालाँकि, अपराधी ऐसे खुले और असुरक्षित वाई-फाई पर स्थानांतरित होने वाले डेटा को इंटरसेप्ट कर सकते हैं। इसलिए, जहां तक हो सके, सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करने से बचें, खासकर पैसों के लेन-देन करते समय।

# डेढ़ साल के बच्चे की दुर्लभ ब्रेन सर्जरी सफल

**नई दिल्ली।** बाल न्यूरो सर्जरी में उपलब्धि दर्ज करते हुए हिमालयन हॉस्पिटल, देहरादून के डॉक्टरों ने मात्र डेढ़ साल के बच्चे के मस्तिष्क से 6 सेंटीमीटर का क्रैनियो फेरिंजियोमा सफलतापूर्वक निकाला। इस हाई-रिस्क सर्जरी का नेतृत्व वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. बृजेश तिवारी ने किया। उन्होंने पूरे ट्यूमर को सुरक्षित ढंग से निकाल दिया और ऑपरेशन के बाद बच्चे में कोई भी न्यूरोलॉजिकल जटिलता नहीं पाई गई। छोटे बच्चे के मस्तिष्क पर ऑपरेशन करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। इतने बड़े ट्यूमर को महत्वपूर्ण हिस्सों के बीच से निकालना जोखिम भरा था। हमें हर कदम पर अत्यधिक सटीकता रखनी पड़ी ताकि बच्चे के मस्तिष्क की आवश्यक संरचनाओं को नुकसान न पहुंचे। इस सफलता के पीछे टीमवर्क की बड़ी भूमिका रही। डॉ. तिवारी को सर्जरी में डॉ. संजीव पांडे और डॉ. अंकित भाटिया का सहयोग मिला। एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. वीना अस्थाना और डॉ. गुरजीत खुराना ने किया, जबकि पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी पर डॉ. आशीष कुमार ने निगरानी रखी।



# वाहन मालिकों को जल्द जारी होगी ईवी सब्सिडी की लंबित राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** परिवहन विभाग ने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के लंबित आवेदनों के सत्यापन और बकाया राशि जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है।

परिवहन विभाग करीब १४० करोड़ रुपये की लंबित राशि उचित जांच के बाद उपभोक्ताओं को देगा। इसके लिए विभाग जल्द ही पोर्टल भी लॉन्च करेगा। पिछले एक साल से उपभोक्ताओं को सब्सिडी न मिलने से बड़ी संख्या में आवेदन लंबित पड़े हैं। दिल्ली परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि गैर-भुगतान की वजह से बड़ा बैकलॉग और भारी लंबितता बन गई है। यह स्थिति तब बनी जब २०२३ में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद कैबिनेट बैठक नहीं हो सकी और ईवी नीति का विस्तार रुक गया। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं ने ईवी खरीदने के बाद सब्सिडी के लिए आवेदन किया था, उन्हें लाभ नहीं मिला। अब विभाग सभी लंबित आवेदनों की जांच कर योग्य उपभोक्ताओं को सब्सिडी राशि जारी करेगा।

दिल्ली की ईवी नीति पहली बार अगस्त २०२० में लागू हुई थी। इसे तीन साल के लिए बनाया गया था। दिसंबर २०२३ तक नीति बढ़ाने के बाद इसे जनवरी २०२४ में दोबारा बढ़ाने का प्रस्ताव था। नई बनी भाजपा सरकार ने इसे अप्रैल २०२४ में १५ दिन के लिए और फिर एक साल के लिए बढ़ाया। अब तक इसे छह बार बढ़ाया जा चुका है। जब तक कि नई ईवी पॉलिसी २.० तैयार न हो जाए।

आंकड़ों के अनुसार, अगस्त २०२० से अगस्त २०२४ तक दिल्ली में २,१०,६१८ इलेक्ट्रिक वाहन बिके। इस साल अब तक दिल्ली में ईवी बिक्री का हिस्सा १०.७१ प्रतिशत रहा है। जबकि २०२३ में यह आंकड़ा ११.०२ प्रतिशत था। २०२५ में अब तक कुल ५,२०,८७० वाहनों का पंजीकरण हुआ है। सरकार ने दोपहिया वाहनों के लिए ६३.७८ करोड़ रुपये, तीनपहिया के लिए १००.३७ करोड़ रुपये और चारपहिया के लिए १३.१९ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि २०२० से २०२३ के बीच वित. रित की है।

परिवहन विभाग नई ईवी नीति २.० तैयार करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता बिजली मंत्री आशीष सूद कर रहे हैं। समिति का उद्देश्य दिल्ली को ई-मोबिलिटी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाए रखना और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। सरकार का दावा है कि सब्सिडी वितरण और नई नीति के लागू होने के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में और तेजी आएगी।

# निगम ने पेंशन अदालत का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के वित्त विभाग ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निगम मुख्यालय एवं सभी १२ क्षेत्रीय कार्यालयों में पेंशन अदालत का आयोजन किया। पेंशन अदालत के माध्यम से पेंशन के पुराने लंबित मामलों को मौके पर ही निपटाया गया एवं लाभार्थियों को पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी किए गए।महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान दिल्ली नगर निगम द्वारा दो दिवसीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि कार्यकारी पक्ष के सहयोग से निगम के इतिहास में पहली बार ऐसी पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशन अदालत में सेवा. निवृत कर्मचारियों,मृत कर्मचारियों के आश्रितों एवं नोशनल इंक्रीमेंट के मामले मिलाकर कुल २३४ मामलों को निपटाया गया एवं मौके पर ही पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी किए गए। महापौर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस १७ सितंबर से लेकर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस २ अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है।



निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के खाते में वर्दी एवं स्टेशनरी की मद में 109 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी गई इस कार्य का शुभारंभ महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह।

# निगम ने वर्दी-स्टेशनरी की एवज में 109 करोड़ छात्रों के खातों में भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने आज आईडीबीआई बैंक के साथ मिलकर निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के खाते में वर्दी एवं स्टेशनरी की मद में १०९ करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी गई।

इस कार्य का शुभारंभ दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सिविक सेंटर में स्थित केदारनाथ साहनी सभागार में कंप्यूटर का बटन दबा कर किया। इस अवसर पर योगेश वर्मा अध्यक्ष शिक्षा समिति, अमित खरखड़ी उपाध्यक्ष शिक्षा समिति, संदीप कपूर अध्यक्ष पर्यावरण प्रबंधन सेवा समिति,पार्षदगण, अश्वनी कुमार निगमायुक्त, पंकज नरेश अग्रवाल एवं वीर सिंह अतिरिक्त आयुक्त, निखिल तिवारी शिक्षा निदेशक, सुमित फक्का डिप्टी एम डी आईडीबीआई बैंक, नरेंद्र मित्तल रोटरी क्लब,निगम के अधिकारीगण एवं निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर निगम विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# धौला कुआं मामले में सीसीटीवी फुटेज रखने का निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट ने धौला कुआं के थाना प्रभारी (एसएचओ) को एक नोटिस जारी कर बीएमडब्ल्यू दुर्घटना मामले से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अधिकारी को अगली सुनवाई के दौरान केस फाइल के साथ पेश होने का निर्देश दिया गया है, जो शुक्रवार के लिए निर्धारित की गई है।

यह आदेश आरोपी की वकील गगनप्रीत कौर द्वारा दुर्घटनास्थल से सीसीटीवी साक्ष्य सुरक्षित रखने की मांग वाली एक याचिका के बाद आया है। दिल्ली कैंट के धौलाकुआं इलाके में बीते रविवार को एक बीएमडब्ल्यू कार ने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में कार्यरत उप सचिव नवजोत सिंह को कुचल दिया था। हादसे में उनकी पत्नी भी घायल हो गईं। दोनों बाइक पर सवार थे। कार को एक महिला चला रही थी। सेंट्रल वर्ज से टकराने बाद कार अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई और बाइक एक बस से टकरा गई।

हादसे के बाद महिला ने अपने पति के साथ घायल नवजा. ेत सिंह और उनकी पत्नी को कैब से लेकर जीटीबी नगर स्थित एक अस्पताल में इलाज के लिए ले गए थे। जहां नवजोत सिंह को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। उनकी पत्नी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस कार चला रही महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। राजधानी दिल्ली में धौलाकुआं के पिलर नंबर ६७ के पास हुए हादसे के बाद भी वहां से काफी गाड़ियां गुजरीं, लेकिन घायलों की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया था।

रविवार को हुए हादसे के कई वीडियो सोशल मीडिया पर चलचे रहे। घटनास्थल पर रहने वाले लोगों ने भी कहा कि लोग मदद के बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त दिखे थे। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर जलबोर्ड का काम चल रहा है। यहां काम करने वाले आकाश ने बताया कि रविवार दोपहर जब घटना घटी वह वहां खाना खा रहे थे। तभी शोर सुनकर वह घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां भीड़ जमा थी।

# समाज के लिए सचेत व सक्रिय योगदान का समय: स्वामी डॉ.वेद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** स्वामी डॉक्टर वेद पुत्र पुरी जी महाराज, प्रमुख, आईएच आरसीसीसी ने कहा कि आज का समय राष्ट्र और समाज के लिए सचेत और सक्रिय योगदान का है। आईएच आरसीसीसी का उद्देश्य है कि हर नागरिक, युवा और समाजस. ेवी मानवाधिकार, न्याय और सामाजिक कल्याण के लिए प्रेरित हो और अपने कर्तव्यों का पालन करे। स्वामी जी ने बताया किआईएचआरसीसीसी अपने सदस्यों को केवल पहचान नहीं देता, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। स्वामी जी ने कहा, हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति, हर परिवार और हर समुदाय समाज में सकारात्मक बदलाव लाए। आईएच आरसीसीसी का लक्ष्य है कि प्रत्येक सदस्य, नागरिक और समाजसेवी अपने प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे और समाज में आदर्श प्रस्तुत करे। आईएचआरसीसीसी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है और नेपाल, थाईलैंड, मॉरीशस, दुबई, कंबोडिया और श्रीलंका जैसे देशों में भी मानवाधिकार और सामाजिक कल्याण के लिए कार्यरत है। संगठन आम जनता, समाजसेवी और राष्ट्रहित में सक्रिय लोगों का स्वागत करता है।

# किसी को सोशल मीडिया पर प्यार हुआ, तो किसी को फैक्टरी से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत पांच लापता किशोर व किशोरियों को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार के इलाकों से सकुशल तलाशकर परिजनों से मिलवाया है। लापताओं में से दो पर दिल्ली पुलिस ने बीस-बीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को भी पकड़ा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २२ जनवरी को बुध विहार पार्क इलाके से १७ साल की किशोरी लापता हुई थी। एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिवार व जानकारों से संपर्क किया और उसका सोशल मीडिया एकाउंट खंगाला। कई मोबाइल फोनों की कॉल डिटेल्स की जांच की गई। तकनीकी निगरानी पर किशोरी को मुजफ्फरपुर (बिहार) से तलाश लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि किशोरी के पिता की कोरोना महामारी में मृत्यु हो गई और माँ एक कारखाने में मजदूरी करती है। पीड़िता इंस्टाग्राम के माध्यम से शिवाजी निवासी मुजफ्फरपुर (बिहार) नामक एक लडके के संपर्क में थी और दोनों में दोस्ती हो गई। लडके ने उसे व्हाट्सएप पर मुजफ्फरपुर, बिहार के लिए एक ट्रेन टिकट भेजा। मुजफ्फरपुर (बिहार) जाकर दोनों ने शादी कर ली थी। बीते २९ जनवरी को अलीपुर इलाके से लापता १६ साल के लडके को इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने परिवार और दोस्तों से पूछताछ की। एक दोस्त से पता चला कि वह ट्रक पर हेल्पर के रूप में काम करता है और उसने ट्रक ड्राइवर का नंबर भी दिया।

लापता किशोर को संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर से बरामद कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह एक हार्डवेयर की दुकान पर काम करता था, लेकिन हार्डवेयर की दुकान का मालिक उसके साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता था और उसने अपनी माँ और भाई से कहा कि वह हार्डवेयर की दुकान पर काम नहीं करना चाहता। उसके परिवार ने उसे काम जारी रखने के लिए कहा। २९ जनवरी को, वह काम के लिए घर से निकला, लेकिन हार्डवेयर की दुकान पर नहीं पहुँचा। उसके बाद वह आगरा (उत्तर प्रदेश) और कुंभ मेले में गया और वहाँ खाना और पैसे माँगे। उसके बाद वह दिल्ली आया और एक ट्रक ड्राइवर के संपर्क में आया और ट्रकों पर हेल्पर का काम करने लगा। वह ट्रक लेकर कई राज्यों में गया।२३ जुलाई से समयपुर बादली इलाके से लापता १३ साल की किशोरी को इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी और संदिग्ध योगेंद्र को गाँव पूरे छत्तू, तहसील लालगंज, जिला प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश से बरामद किया। पूछताछ करने पर पता चला कि किशोरी और संदिग्ध योगेंद्र समय पुर बदली स्थित एक कुकर बनाने वाली फैक्ट्री में काम करते थे, जहाँ उन्हें एक-दूसरे से प्यार हो गया। अपने परिवार में किसी को बताए बिना, दोनों घर छोडकर चले गए थे। बीते १३ सितम्बर से प्रेम नगर से लापता १७ वर्षीय किशोर को इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी को जीवनदान अस्पताल, प्रेम नगर से बरामद किया। पता चला कि वह अपने पिता के शराब के नशे में व्यवहार से परेशान होकर घर से भाग गया था। जबकि बीते दस अगस्त से भलस्वा डेयरी से लापता किशोरी को एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर सतीश मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करने के बाद पुलिया गालिब, थाना कायमगंज, फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद करके परिजनों को सौंप दिया।

# सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिकाओं का निर्माण कराया जाए:डीएम

## जिलाधिकारी ने दिए पोषण समिति की बैठक में संबंधितों को कड़े निर्देश, बच्चों व माताओं के स्वास्थ्य सुधार पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिसमें जनपद में कुपोषण की रोकथाम, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार, और आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक स्वरूप में विकसित करने की दिशा में प्रगति की समीक्षा हुई।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में मोटापा एवं कुपोषण एक गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। उन्होंने चीनी, नमक और तेल के अत्यधिक उपयोग को इसका प्रमुख कारण बताते हुए निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों और महिलाओं की खान-पान की आदतों में सुधार लाया जाए तो भविष्य में बीमारियों का बोझ काफी हद तक कम किया जा सकता है। 8वें राष्ट्रीय पोषण माह एवं 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य केवल परिवार की ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार है। इसलिए गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरी बालिकाओं तक सही पोषण संबंधी जानकारी और सेवाएँ पहुंचाई जाएं। हाल ही में चयनित मुख्य सेविकाओं को जल्द ही ब्लॉकों में आवंटित करने का निर्णय लिया गया, ताकि योजनाओं के कार्यान्वयन और निगरानी को और मजबूती मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सेविका को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके कार्यक्षेत्र में पोषण संबंधी योजनाएं सही ढंग से लागू हों। बच्चों को आकर्षित करने और उन्हें रचनात्मक माहौल देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल पेंटिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे बच्चे न केवल सीखने की प्रक्रिया में रुचि लेंगे बल्कि मानसिक रूप से भी विकसित होंगे। इसके साथ ही, जनपद के 75 आंगनवाड़ी केंद्रों का कायाकल्प कर उन्हें लर्निंग लैब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन लैब्स में सभी आवश्यक मानक जैसे स्वच्छता, शिक्षा सामग्री, और आधुनिक सीखने के साधन सुनिश्चित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन लैब्स का वातावरण ऐसा हो जो बच्चों को खेल-खेल में सीखने के लिए प्रेरित करे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिकाओं का निर्माण कराया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर हरी एवं पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन हो सके और बच्चों को ताज़ा पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा जल संरक्षण इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी, जिससे केंद्रों पर पोषण वाटिका हेतु जल उपलब्धता बनी रहे। बैठक में बताया गया कि जनपद ने पोषण ट्रैकर पर 95.75 प्रतिशत प्रगति हासिल की है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अति कुपोषित बच्चों की स्थिति पर विशेष चिंता व्यक्त की। बैठक में जानकारी दी गई कि संभव अभियान के तहत 428 अति गंभीर कुपोषित बच्चों (SAM श्रेणी) की पहचान की गई है, जिनमें से 396 बच्चों का डेटा पोर्टल पर दर्ज हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिया कि शेष बच्चों को तत्काल पोर्टल पर पंजीकृत किया जाए और ई-कवच एप पर भी स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नियमित रूप से डेटा अपडेट किया जाए। इससे बच्चों की निगरानी आसान होगी और उन्हें आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाएँ समय पर उपलब्ध कराई जा सकेंगी। जनपद में वर्तमान में 23 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य चल रहा है, जिनमें से 19 केंद्र लोकार्पण के लिए तैयार हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन केंद्रों का लोकार्पण समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए और शेष केंद्रों को भी शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को भी विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे पोषण मिशन और आंगनवाड़ी केंद्रों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएँ और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा कराएँ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज कुमार, सम्बंधित एसडीएम, अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना, जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 19 सितंबर को होगी सभी तहसीलों में अग्नि सुरक्षा व आपदा मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 19 सितंबर को सभी तीनों तहसीलों में अग्नि दुर्घटना और आपदा से निपटने के लिए व्यापक सुरक्षा एवं बचाव मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास जनपद में आपदा प्रबंधन की तैयारियों, प्रशासनिक समन्वय और बचाव कार्यों की क्षमता को परखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

तहसीलों में संबंधित एसडीएम द्वारा मॉक ड्रिल के लिए उपयुक्त स्थल चुने गए हैं। प्रत्येक स्थल पर स्टेजिंग एरिया तैयार किया जाएगा, जिसमें सभी आवश्यक उपकरण, संसाधन और फोर्स का सुव्यवस्थित प्रबंधन किया जाएगा। इसके साथ ही राहत शिवरों की स्थापना, टेंट, प्राथमिक चिकित्सा सामग्री और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ की जाएंगी, ताकि ड्रिल के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति का त्वरित प्रबंधन किया जा सके। पुलिस विभाग मॉक ड्रिल के दौरान सक्रिय भूमिका निभाएगा। स्टेजिंग एरिया में पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा जो रेस्पॉन्स टीम के रूप में कार्य करेंगे और भूकंप या दुर्घटना के उपरांत मलबे में दबे व्यक्तियों के खोज एवं बचाव में सहायता करेंगे। इसके साथ ही पुलिस टीम औद्योगिक अग्नि और संभावित दुर्घटना की स्थिति में रेस्क्यू मिशन का संचालन करेगी। अग्निशमन विभाग की इंसीडेंट रेस्पॉन्स एवं रेस्क्यू टीम ड्रिल के दौरान औद्योगिक अग्निकांड की स्थिति का अभ्यास करेगी। इसमें रेस्क्यू मिशन के तहत फंसे हुए व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने, आग पर काबू पाने और प्रभावित क्षेत्र से लोगों को निकालने के सभी कदम शामिल होंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मॉक एक्सरसाइज स्थल पर 08-बेड का अस्थायी रेस्क्यू और प्राथमिक चिकित्सा कैंप स्थापित किया जाएगा। यहाँ घायल व्यक्तियों का तत्काल उपचार किया जाएगा। प्रत्येक स्थल पर डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

## आपदा प्रबंधन की दक्षता और समन्वय का होगा अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यह सुनिश्चित करेगा कि मॉक ड्रिल के दौरान किसी भी चिकित्सा आपात स्थिति का त्वरित प्रबंधन किया जा सके। ड्रिल के संचालन के दौरान स्वच्छता और उपकरणों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला पंचायती राज अधिकारी, जल निगम और संबंधित अधिशासी अधिकारी स्टेजिंग एरिया, राहत शिवर एवं घटनास्थलों पर स्वच्छता सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त, जेसीबी क्रेन और अन्य आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि मलबे और अन्य बाधाओं को हटाकर बचाव कार्य में तेजी लाई जा सके। भूकंप या संभावित अग्निकांड की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विद्युत वितरण खंड बागपत द्वारा बिजली के तारों में लगी आग को बुझाने और तत्पश्चात पावर कट लागू करने का प्रदर्शन किया जाएगा। यह अभ्यास यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि वास्तविक आपदा की स्थिति में विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा व्यवस्थाएँ प्रभावी ढंग से काम कर सकें।

## किसान की जमीन पर भू-माफिया का कब्जा, शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश में भू-माफियाओं पर योगी सरकार की लगातार कार्रवाई के बावजूद, बागपत में एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां बरनावा गांव के एक किसान की जमीन पर भू-माफिया ने कब्जा कर लिया है और शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



पीड़ित किसान मनोज शर्मा पिछले कई वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने चकबंदी विभाग की लापरवाही और पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मनोज शर्मा के अनुसार, सलीम नामक एक भू-माफिया उनकी भूमि पर लगातार कब्जा कर रहा है। उनका आरोप है कि शिकायत करने पर भी अधिकारी भू-माफिया से साठगांठ कर उसे बचा लेते हैं। किसान ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन उनकी जमीन को अभी तक कब्जा मुक्त नहीं कराया गया है। मामले की जांच भी आगे नहीं बढ़ पाई है। फिलहाल, संबंधित अधिकारी पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटे हुए हैं और किसान ने न्याय की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### घायल व्यक्तियों की भूमिका निभाने के लिए प्रत्येक स्थल पर पांच-पांच प्रशिक्षित स्वयंसेवक कराए जाएंगे उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मॉक एक्सरसाइज के सफल संचालन के लिए सामान्य जनता की सहभागिता इस दौरान प्रतिबंधित रहेगी। ड्रिल के दौरान घायल व्यक्तियों की भूमिका निभाने के लिए प्रत्येक स्थल पर पांच-पांच प्रशिक्षित स्वयंसेवक उपलब्ध कराए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मॉक ड्रिल का संचालन पूर्ण रूप से व्यवस्थित, सुरक्षित और त्वरित प्रतिक्रिया के उद्देश्य से किया जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि इस दौरान प्रशासन को सहयोग दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य न केवल प्रशासन की आपदा प्रबंधन क्षमता को परखना है, बल्कि नागरिकों, पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य एजेंसियों के बीच समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत बनाना भी है।

## जिलाधिकारी ने किया बागपत, बड़ौत, खेकड़ा विकास प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव और पत्रावलियों के समयबद्ध निस्तारण की स्थिति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और प्रत्येक पत्रवली का निस्तारण तय समयसीमा में किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि मानचित्र स्वीकृति से जुड़ी पत्रावलियाँ मानकों के अनुरूप ही स्वीकृत की जाएँ तथा सभी रिकॉर्ड सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संधारित हों।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई और कार्यालय के समुचित रख-रखाव पर भी जोर दिया और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## दिगम्बर जैन पॉलिटेक्निक छात्रावास में अव्यवस्थाएँ, छात्रों ने एसडीएम से दी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को तहसील में पहुंचकर छात्रो ने एसडीएम भावना सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। दिगम्बर जैन पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों ने छात्रावास सरकारी धर्मशाला में अव्यवस्थाओं और अतिरिक्त शुल्क वसूली को लेकर जिला प्रशासन से शिकायत की है। छात्रों ने अपर जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि छात्रावास में उन्हें मूलभूत सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

छात्रों ने आरोप लगाया कि हॉस्टल में न तो साफ-सफाई की उचित व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की सुविधा। कई कमरों में दरवाजे-खिड़कियाँ तक नहीं लगे हैं और बरसात के दिनों में पानी भर जाने से हालात और खराब हो जाते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि छात्रावास भवन का मेंटेनेंस शुल्क तो लिया जाता है, लेकिन कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। निर्धारित शुल्क 1000 रुपये होने के बावजूद छात्रों से 3500 रुपये मेंटेनेंस और 2500 रुपये सुरक्षा शुल्क के नाम पर कुल 6000 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। छात्रों का कहना है कि इस राशि की कोई रसीद भी नहीं दी जाती।

छात्रों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि छात्रावास की अव्यवस्थाओं को दूर कर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ और अतिरिक्त शुल्क वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## प्रस्तावों की पूर्ण कार्ययोजना को तैयार कर प्रस्तुत करें:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर पालिका बड़ौत में विकास कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा हुई जो प्रस्ताव आये उनमें से कुछ प्रस्ताव को संशोधित कर कार्य योजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया, ताकि छात्रों और युवाओं को आधुनिक संसाधनों से अध्ययन करने की सुविधा मिल सके। इसी प्रकार नगर में एलसीडी स्क्रीन लगाने की योजना पर चर्चा हुई, जिससे आम नागरिकों तक सरकारी योजनाओं, जनसुविधाओं और जागरूकता संदेशों की जानकारी आसानी से पहुँचाई जा सके। शहर में डॉग्स की समस्या को ध्यान में रखते हुए एबीसी सेंटर स्थापित करने पर भी विचार किया गया, ताकि व्यवस्थित तरीके से डॉग जन्म नियंत्रण किया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य असुविधाओं को रोका जा सके, समुदायिक केंद्र ,व्यवसायिक दुकान आदि के सम्बन्द्ध में निर्देश दिए। इसके अलावा, शहर के सौंदर्यकरण से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की गई, जिसमें पार्कों का विकास पक्षी घर, दीवारों पर पेंटिंग, सड़क किनारों पर हरियाली बढ़ाने और साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने जैसे बिंदु शामिल थे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी बड़ौत को निर्देश दिए कि इन प्रस्तावों की पूर्ण कार्ययोजना को संशोधित रूप से तैयार कर समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें, ताकि योजनाओं को जल्द से जल्द अमल में लाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निकायों की योजनाएँ सीधे आमजन के जीवन स्तर को प्रभावित करती हैं, इसलिए कार्यान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस अवसर पर बड़ौत नगर पालिका अध्यक्ष बबीता तोमर, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा ,अधिशासी अधिकारी बागपत के के भड़ाना, अधिशासी अधिकारी बड़ौत मनोज कुमार रस्तोगी सहित रटोल अधिशासी अधिकारी वीरज कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## हर घर स्वच्छता जन जागरूकता के लिए निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत हर घर स्वच्छता जन जागरूकता के लिए कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओ द्वारा नगर में रैली निकाली गई। रैली को पालिका अधिशासी अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।स्वच्छता जन जागरूकता रैली राष्ट्रीय वंदना चौक से होते हुए, शौकत मार्केट, एवं गांधी बाजार व तहसील कोर्ट रोड से होते हुए नगर पालिका कार्यालय पर समाप्त हुई।



रैली में छात्राओ ने स्वच्छता ही सेवा हर घर स्वच्छता, गंदगी जानलेवा है, सिंगल यूज प्लास्टिक, नही चलेगी नही चलेगी, स्वच्छता को अपनाना है, बागपत को स्वच्छ बनाना है, सब रोगों की एक दवाई, घर मे रखे साफ सफाई आदि नारे लगाए। अधिशासी अधिकारी ने सभी को स्वच्छता के प्रति भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। रैली में फहीम अख्तर, मुकुल सैनी, आदित्य नारायण, सुदेश कुमार, चंद किशोर, सुबोध, बुशरा मलिक, फरमान मलिक कर्मचारी व स्कूली छात्राएं मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष व मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के उपलक्ष में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल ने स्वास्थ्य मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। एक ही दिन में 554 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उनका उपचार किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में आए हुए लाभार्थियों को समस्त प्रकार की खून की जांच, नाक, कान, गला रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग आदि रोगों की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरो के द्वारा उन्हें दवाई दी गई। डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर सिंह ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार की सशक्तता को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर श्स्वस्थ नारी सशक्त परिवारश कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा.विजय कुमार, ब्लाक कार्यक्रम मैनेजर सचिन मलिक, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, रविन्द्र आर्य, डा.प्रीति, डा. शालू, डा.श्वेता, हरेंद्र, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## फेडरेशन कप ऑल इंडिया बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हुआ अन्तर्राष्ट्रीय मुक्केबाज विजय सिंह का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम गौतमबुद्धनगर में उत्तर प्रदेश की टीम को ट्रायल हुआ जिसमें जनपद बागपत के अन्तर्राष्ट्रीय मुक्केबाज विजय सिंह का चयन 60 कि.ग्रा.भार वर्ग में हुआ। उत्तर प्रदेश के चयनित मुक्केबाज 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक चेन्नई तमिलनाडू बीएफआई फेडरेशन कप ऑल इंडिया सीनियर पुरुष व महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। बागपत जिले से विजय सिंह एकमात्र खिलाडी हैं जिनका चयन उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ के महासचिव प्रमोद कुमार ने चयनित मुक्के बाजों को बधाई दी और कहा कि सभी मुक्केबाजों को और अधिक से अधिक मेहनत करनी चाहिए जिससे वे राज्य तथा देश का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर प्रमोद, नाजिम, रोबिन, राजन आदि मौजूद थे।

## कैनाल मार्ग पर धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के बावली रोड कैनाल मार्ग पर धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती। विश्वकर्मा धर्मशाला पर हवन पूजन किया गया। ब्राह्मण एवं जांगिड़ समाज के लोगों ने भगवान विश्वकर्मा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनका गुणगान किया।

इसके उपरांत समाज के सभी लोगों को हलवे का प्रसाद वितरण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर समाज के सम्मानित लोगों को संबोधित करते हुए युवा अध्यक्ष मुकेश जांगिड़ ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर समाज के बताए रास्ते पर चलना होगा। समाज में फहली बुराइयों को दूर करके समाज की एकता पर बल देना होगा। समाज के अध्यक्ष मुकेश जांगिड़ ने कहा कि विश्वकर्मा अध्ययन केंद्र खोलने की भी योजना पर समाज द्वारा सहमति जताई गई। भगवान विश्वकर्मा जयंती को राजेंद्र सिंह जांगिड़ सोमदत्त जांगिड़ संरक्षण मुकेश कुमार जांगिड़ प्रधान सत्य प्रकाश जांगिड़ उप प्रधान ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर एक जुट होकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा अपने घर-घर में लगाकर उनकी पूजा अर्चना करनी चाहिए। उन्होंने आधुनिक मशीनों द्वारा कार्य करने के लिए सभी को आवाहन किया था। ऐसे उत्तम विचार के व्यक्ति थे भगवान विश्वकर्मा। इस दौरान राजेश, सुभाष चंद्र, जयपाल सिंह यशपाल सिंह, कृष्णपाल, राजन, विकास जांगिड, राकेश विश्वकर्मा आदि मौजूद है।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का हुआ त्रैमासिक निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं गार्ड की तैनाती का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और सभी अभिलेख नियमित रूप से संधारित किए जाएं। अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक तिमाही में राजनीतिक दलों की मौजूदगी में यह निरीक्षण किया जाता है, जिससे पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनी रहे। निरीक्षण में सभी मशीनें सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित पाई गईं। निरीक्षण के दौरान ईवीएम प्रभारी अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रोहित से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

यशपाल पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम कुरडी थाना छपरौली जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र विश्वास से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

बिजेन्द्र पुत्र राजसिंह निवासी गुराना रोड़ संगम हाल के पास पंजाब क्वार्टर थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नवीन व उसकी पत्नि अमरीन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

नवाब अली पुत्र मेहरदीन निवासी ग्राम खट्टा प्रहलादपुर थाना चांदीनगर जनपद बागपत।

# लखन हत्याकांड के 3 दोषियों को आजीवन कारावास

## हत्याकांड के प्रत्येक दोषी पर अदालत ने लगाया 3 लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में 16 अगस्त 2022 को हुए लखन हत्याकांड के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम विपिन कुमार द्वितीय की अदालत ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला गुरुवार को सुनाया गया। प्रत्येक दोषी पर 3 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

यह घटना नगर की हापुड़ कचहरी के सामने हुई थी, जिसमें पेशी पर आए कुख्यात अपराधी लखन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह हत्या 2019 में धौलाना थाना क्षेत्र में हुई एक दोहरी हत्या की पुरानी रंजिश का नतीजा थी। लखन फरीदाबाद जेल से पुलिस कस्टडी में हापुड़ कोर्ट लाया गया था। जैसे ही वह कार से उतरा, हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिसमें लखन की मौत हो गई और हरियाणा पुलिस का एक कांस्टेबल भी घायल हो गया। लखन के भाई पवन द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, मुख्य हमलावर सुनील चचूड़ा, पप्पन उर्फ संजय, और वीरू थे। इसके अलावा, अन्य हमलावरों ने भी कवर फायरिंग की थी। घटना के तुरंत बाद, सुनील चचूड़ा ने गौतमबुद्धनगर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। मुकदमे में कुल 26 गवाहों के बयान दर्ज किए गए, जबकि आरोपी पक्ष ने 7 गवाह पेश किए। पुलिस ने इस मामले में कुल 18 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई के बाद अदालत ने





सुनील चचूड़ा, पप्पन उर्फ संजय, और वीरू को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके अतिरिक्त, उन्हें धारा 307 के तहत 10 साल का कठोर कारावास भी दिया गया। प्रत्येक दोषी पर कुल 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इन तीनों दोषियों को गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर की जेलों में रखा गया है। अदालत ने कुलदीप, सचिन उर्फ सच्चे, अमित उर्फ ऐम्मी, सुभाष, शिवम पंडित, अंकित, मनीष, अमि भोला जाट, सतेंद्र उर्फ भोलू, सुमित, मोहित और रणदीप भाटी सहित अन्य आरोपियों को बरी कर दिया।

# आरपीएफ ने नाबालिग को सुरक्षित ट्रेन से उतारकर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आरपीएफ यानी रेलवे सुरक्षा बल की त्वरित कार्रवाई के कारण एक नाबालिग लड़की अपने परिवार से मिल पाई।

मिली जानकारी के अनुसार 17 सितंबर को मुरादाबाद हेल्पलाइन को सूचना मिली कि बरेली की एक नाबालिग लड़की बिना बताए घर से निकलकर आला हजरत एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 14321 से यात्रा कर रही है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर अंजेश कुमार हापुड़ रेलवे स्टेशन पहुँचे और लड़की को ट्रेन से सुरक्षित नीचे उतारा। इसके बाद आरपीएफ ने तुरंत लड़की के परिवार से संपर्क किया और कुछ ही देर में उसकी माँ हापुड़ स्टेशन पहुँच गईं। लड़की को काउंसलिंग के लिए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी



हापुड़ के सामने पेश किया गया। सभी कानूनी और वैधानिक प्रक्रियाएँ पूरी होने के बाद चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के आदेश पर रेशमा को उसकी माँ को सौंप दिया गया। आरपीएफ की इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की सभी ने सराहना की है। यह घटना दर्शाती है कि रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों, खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति कितने प्रतिबद्ध और सतर्क हैं।

# रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण केंद्र का एसपी ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यूपी पुलिस भर्ती के रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण पिलखुवा में स्थित स्वामी विवेकानंद कालेज में कराया जा रहा है। गुरुवार को एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र पर विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की। एसपी ने प्रशिक्षुओं से संवाद कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनपद में 250 रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण देना मंगलवार से शुरू हो गया है। जिसमें एक माह का ज्वाइंट ट्रेनिंग सेंटर होगा। इसमें 50 महिला आरक्षी होंगी। इसके बाद नौ माह की आरटीसी कराई जाएगी। गुरुवार को एसपी प्रशिक्षण केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण



कर रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण दिनचर्या की जानकारी की। साथ ही प्रशिक्षण केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं जैसे बैरिक, मैस, क्लास रूम, मनो. रंजन कक्ष इत्यादि का निरीक्षण कर साफ-सफाई, खाने की गुणवत्ता आदि को चेक किया। एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण को और बेहतर बनाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान एसपी ने अभ्यर्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर सीओ पिलखुवा अनीता चौहान आदि मौजूद थे।

# युवक को स्टंटबाजी करना पड़ा भारी, 19 हजार का चालान व बाइक सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यातायात पुलिस ने हाईवे पर खतरनाक स्टंट करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस युवक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह अपने साथी के साथ एक गाड़ी के आगे लापरवाही से बाइक चलाकर स्टंट करते हुए दिखाई दे रहा था। इस घटना के कारण सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान को खतरा हो गया था। वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए, हापुड़ की यातायात पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जांच में पता चला कि आरोपी का नाम फैसल है और वह मोहल्ला करीमपुरा का रहने वाला है। पुलिस ने फैसल को उसकी बाइक के साथ हिरासत में




ले लिया। पुलिस ने आरोपी फैसल को सबक सिखाने के लिए उसे हवालात में बंद किया और उसकी बाइक का 19,000 रुपये का भारी-भरकम चालान कर बाइक को इमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया। यातायात प्रभारी छविराम ने स्पष्ट किया है कि सड़क पर इस तरह के खतरनाक स्टंट करना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह अपनी और दूसरों की जान के लिए भी बड़ा खतरा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने के लिए अपनी जान जोखिम में न डालें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने पिलखुवा थाने का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी ने गुरुवार को थाना पिलखुवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने संबंधित पुलिस अधिक. ारीयों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने गुरुवार को पिलखुवा थाने का निरीक्षण किया। इससे पूर्व पुलिस बल द्वारा एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम व काउंसलिंग हेतु स्थापित महिला सुरक्षा केंद्र, कार्यालय के अभिलेख, बिल्डिंग व थाना परिसर की साफ-सफाई आदि को चौक किया। एसपी ने थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात व थाना परिसर व



बैरिक का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। एसपी ने थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने डायरी को अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण करने का आदेश दिया।

इस मौके पर सीओ अनीता चौहान, थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# राम्या रामचंद्रन को मिला बेस्ट एजुकेशनलिस्ट का अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स और दैनिक जागरण द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम गुरु प्रणाम में एसजीआई की वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन को बेस्ट एजुकेशनलिस्ट एंड फिलांथ्रोपिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया।

इस आयोजन में हापुड़ जनपद के 40 से अधिक स्कूलों के लगभग 150 शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एमएलसी शिक्षक संवर्ग श्रीचंद शर्मा ने इस कार्यक्रम को गुरुओं के सम्मान का उत्सव बताया। सम्मानित होने पर रम्या रामचंद्रन ने यह पुरस्कार अपने




सभी गुरुजनों और शिक्षकों को समर्पित करते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण के असली शिल्पकार हैं। इस समारोह में सरस्वती ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डा. जे रामचंद्रन, जनरल मैनेजर एन वरधाराजन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस उपलब्धि को सरस्वती ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण माना गया है।

## एक नजर

### ग्राम कस्तला में मनाया गया निःक्षय दिवस, 127 मरीजों को मिला लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्राम कस्तला में गुरुवार को निःक्षय दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट और जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था जिसका उद्देश्य टीबी के मरीजों को जागरूक करना और उन्हें निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराना था।

मेरिनो कंपनी द्वारा प्रायोजित इस चिकित्सा शिविर में कुल 127 मरीजों की जाँच की गई। इस दौरान 2 मरीजों की बलगम जाँच की गई। 2 मरीजों को एक्सरे के लिए हापुड़ के जिला संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया। इसी के साथ 49 मरीजों की ब्लड शुगर की जाँच की गई। शिविर में मौजूद जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने मरीजों को निःक्षय दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट के डा. पीएस अग्रवाल और डा. डीके अग्रवाल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिला क्षय रोग विभाग से मनोज कुमार जिला पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर और ब्रजेश कुमार वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक भी उपस्थित थे। यह शिविर भारत सरकार द्वारा हर महीने की 15 तारीख को चलाए जा रहे निःक्षय दिवस अभियान का हिस्सा था, जिसका लक्ष्य लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करना और इस बीमारी को खत्म करना है।

### सेवा पख़वाड़े के तहत दहेज विरोधी शपथ का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के उपलक्ष्य में हापुड़ के सखी वन स्टॉप सेंटर में न दहेज लेंगे, न दहेज देंगे की शपथ दिलाई गई।

यह कार्यक्रम गुरुवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया था। काउंसलर रविता चौहान ने उपस्थित सभी लोगों को दहेज न लेने और न देने की शपथ दिलाई। वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर सोनिया ने दहेज को एक सामाजिक अभिशाप बताया। उन्होंने दहेज प्रतिषेध अधिनियम-1961 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनों ही कानूनन अपराध हैं। इस अधि. नियम के अनुसार, दहेज का मतलब किसी भी ऐसी संपत्ति या मूल्यवान वस्तु से है जो शादी से पहले, शादी के समय या उसके बाद दी जाती है। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक सोनिया, काउंसलर रविता चौहान, और पुलिस स्टाफ से प्रीति, लक्ष्मी और पुष्पेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### श्री रामलीला महोत्सव में गौ लीला का हुआ मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ की तरफ से आयोजित रामल. ीला महोत्सव में गौ लीला का मंचन किया गया। इस मनमोहक प्रस्तुति में कलाकारों ने उस पौराणिक कथा को जीवंत किया जब माता पृथ्वी गाय का रूप धारण कर ब्रह्मा और अन्य देवताओं के साथ भगवान विष्णु के पास रावण के अत्याचारों से मुक्ति पाने के



लिए जाती हैं। मंचन में दिखाया गया कि कैसे रावण के आतंक के कारण पृथ्वी पर कोई भी शुभ कार्य या पूजा-पाठ करना असंभव हो गया था, जिससे माता पृथ्वी बहुत दुखी थीं। देवताओं और ब्रह्मा के साथ मिलकर उन्होंने भगवान विष्णु से इस दुख से छुटकारा दिलाने की प्रार्थना की। उनकी करुण पुकार सुनकर, भगवान विष्णु ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे जल्द ही पृथ्वी पर अवतार लेकर राक्षसों का संहार करेंगे और पृथ्वी को उनके आतंक से मुक्त करेंगे। इस दौरान रामलीला समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य जैसे प्रधान विनोद वर्मा, महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम गोयल, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने इस सुंदर मंचन का आनंद लिया।

# पंडित रविकांत शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ भारत के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा, ने नई दिल्ली में स्थित हिमाचल प्रदेश भवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से मुलाकात की और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मुलाकात के दौरान रविकांत शर्मा ने राज्यपाल को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में ब्राह्मणों के उत्थान, कल्याण और सुरक्षा के लिए ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन पर आभार व्यक्त किया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने चेयरमैन रविकांत शर्मा के साथ हिमाचल प्रदेश में बाढ़ आपदा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। इसके बाद रविकांत शर्मा ने विश्व ब्राह्मण संघ भारत द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर उनके साथ संजय तिवारी, मारकंडे मणि त्रिपाठी, शैलेंद्र मणि त्रिपाठी और सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी भी मौजूद थे।

# दीवाली से पहले लाखों के अवैध पटाखों का जखीरा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने दिवाली से पहले बड़ा धमाका करते हुए दिवाली के लिए रखा गया अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने अवैध पटाखों का जखीरा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अवैध पटाखों की कीमत करीब 6-7 लाख रूपये बताई जा रही है। गुरुवार को सीओ स्तुति सिंह ने बहादुरगढ़ थाने पर प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधर पर प्रभावी कार्यवाही कर अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले एक आरोपी गोलू पुत्र महेश निवासी ग्राम पसवाडा थाना बहाद. ुरगढ जनपद हापुड को थाना क्षेत्र के गांव पसवाड़ा में स्थित उसके घर से




गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से भिन्न प्रकार के 30 कार्टून अवैध पटाखे कीमत करीब 6-7 लाख रुपये बरामद किए गए है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गोलू द्वारा अपने एक साथी के साथ मिलकर आगामी दीपवाली त्यौहार के दृष्टिगत अवैध पटाखो की बिक्री हेतु जनपद अमरोहा क्षेत्र से पटाखे लाकर अपने घर पर भण्डारण कर रहा था। जिसको पुलिस ने धर दबा. ेचा है। बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। जबकि उसके अन्य साथी की तलाश की जा रही है।

# कांग्रेस नें शुरू किया वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली रोड पर स्थित शहीद स्मारक पर वोट चोर गद्दी छोड़ नामक एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और चुनाव आयोग पर अपनी असहमति दर्ज कराई।

अभियान के दौरान एक व्यक्ति शराब पीकर कार्यक्रम स्थल पर घुस गया और मोदी जिंदाबाद, योगी जिंदाबादश के नारे लगाने लगा। इस घटना पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने इसे बीजेपी की साजिश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने पुलिस से मदद मांगी, तो एक दरोगा और सिपाही इस घटना पर हंसने लगे। राकेश त्यागी ने कहा कि पुलिस प्रशासन के




सहयोग से ही उस व्यक्ति की इतनी हिम्मत हुई कि वह अभियान में आकर गाली-गलौज और अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर सके। इस घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच बहस भी हुई।

इसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, और अन्य पदा. धिकारी एएसपी एसपी विनीत भटनागर से मिले और घटना की शिकायत दर्ज कराई। एएसपी विनीत भटनागर ने कांग्रेस को आश्वासन दिया कि कार्यक्रम में बाधा डालने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने तत्काल दोनों आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए। साथ ही, उन्होंने घटना पर हंसने वाले दरोगा और सिपाही पर भी कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

# पीएम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस 15 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया।

यह प्रदर्शनी 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक एसएसवी पीजी कॉलेज में लगेगी। उद्घाटन के अवसर पर प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ सदर विधायक विजयपाल आढती, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, और अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रदर्शनी का



शुभारंभ करने से पहले, कपिल देव अग्रवाल ने कॉलेज के संस्थापक बाबू लक्ष्मी नारायण की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद, उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। उद्घाटन के बाद सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलो. कन किया और उसकी सराहना की। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के अवसर पर एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इसके अलावा उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और अन्य लोगों से विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए QR कोड के माध्यम से अपने सुझाव देने का आग्रह किया।

# 21 को फिर भिड़ेंगे भारत-पाक

**दुबई, वार्ता।** एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितम्बर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था। वहीं, ग्रुप-बी में आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के लिए करो या मरो का मैच है। प

ाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है। टूर्नामेंट से पहले ही एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने सुपर-4 स्टेज का शेडयूल भी बना लिया था। इसमें ग्रुप-ए से क्वालिफाई करने वालीं 2 टीमों को ।1 और ।2 नाम दिया गया। वहीं ग्रुप-बी से क्वालिफाई करने वालीं टीमों को बी1 और बी2 नाम दिया गया। शेडयूल के मुता. बिक, ।1 और ।2 के बीच 21 सितम्बर को दुबई में मैच खेला जाना है। इस तरह ग्रुप-ए की टीमें भारत और पाकिस्तान रविवार को एक बार फिर महामुकाबले में एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मैच टीम इंडिया ने आसानी से 7




● **एशिया कप में सुपर-4 की दो टीमें फाइनल, पाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में बनाई जगह**

विकेट से जीत लिया था। मैच के बाद और टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। जिसके बाद सलमान आगा ने मैच के बाद इंटरव्यू देने से मना कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाथ नहीं मिलाने के मामले को खेल भावना के खिलाफ बताया। बोर्ड ने आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को हटाने की मांग भी की, लेकिन आईसीसी ने इसे ठुकरा दिया। पूरे विवाद के बाद अब पाकिस्तान टीम फिर एक बार इसी टूर्नामेंट में भारत का सामना करेगी। भारत और पाकिस्तान के सुपर-4 में पहुंचने के साथ ग्रुप-ए की बाकी 2 टीमें ओमान और यूएई टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। यूएई 3 में से 1 मैच ही जीत पाई। वहीं ओमान को 2 मुकाबलों में हार मिली, अब टीम का आखिरी मैच 19 सितम्बर को भारत के खिलाफ होगा। ग्रुप-बी का आखिरी मैच आज श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा।

इस ग्रुप से श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश अभी होड़ में है। अगर श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हरा दिया, श्रीलंका और बांग्लादेश क्वालिफाई कर जाएंगे। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान तीनों के 4-4 पाइंट्स हो जाएंगे। अफगानिस्तान सबसे बेहतर नेट रन रेट के साथ क्वालिफाई कर जाएगा। श्रीलंका और बांग्लादेश में बेहतर रन रेट वाली टीम अगले राउंड में एंट्री कर लेगी। बांग्लादेश को क्वालिफाई करना है तो श्रीलंका को 70 रन या उससे ज्यादा के अंतर से हारना होगा। अगर श्रीलंका की पहले बैटिंग आ गई तो टीम के 50 बाल या उससे ज्यादा के अंतर से हारने पर ही बांग्लादेश क्वालिफाई कर पाएगी।



● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

## 40 सेमी. से मेडल से चूके सचिन

**टोक्यो, वार्ता।** टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में भारत के नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल नहीं जीत सके। भारत के एक अन्य थ्रोअर सचिन यादव ने करियर बेस्ट (86.27 मीटर) प्रदर्शन किया, लेकिन वे चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। सचिन महज 40 सेंटीमीटर के फासले से ब्रॉन्ज चूक गए। ब्रॉन्ज जीतने वाले खिलाड़ी ने 86.67 मीटर का थ्रो किया। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशार्न वाल्काट ने 88.16 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) ने सिल्वर और अमेरिका के कर्टिस थाम्पसन (86.67 मीटर) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। डिफेंडिंग चैंपियन नीरज पांच प्रयास में 84.03 मीटर का बेस्ट थ्रो ही निकाल सके। वे आठवें नंबर पर रहते हुए बाहर हुए। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम चार अटैम्प्ट में 82.75 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ 10वें नंबर पर रहे। नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 84.03 मीटर का रहा। उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा और वे मेडल की रेस से बाहर हो गए। दीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए। इन दोनों से आगे सचिन यादव रहे। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। उन्होंने पां. चवें प्रयास में 85.96 और छठे प्रयास में 80.95 का स्कोर निकाला। इस तरह वे 86.27 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ चौथे नंबर पर रहे। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशार्न वाल्काट अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ टॉप पर चल रहे हैं। तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए। पांचवें थ्रो के बाद सातवें और आठवें नंबर पर रहने वाला थ्रोअर बाहर हुआ। चौथे राउंड के बाद पाक के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर हो गए है।

● **86.27 मी. के साथ चौथे नंबर पर, नीरज चोपड़ा आठवें स्थान से बाहर, केशार्न वाल्काट ने बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड जीता**

### खेल विशेष

## भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे, पूरे देश में जश्न की तैयारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में सात नवंबर को विशेष समारोहों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए उलटी गिनती शुरु हो गई है। 1925 में पहली राष्ट्रीय खेल संस्था का गठन हुआ था। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित समारोह के तहत देश के हर जिले में एक पुरुष और एक महिला मैच खेला जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी समारोह में 36 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है, और इस पहल का उद्देश्य देश के हर कोने से खिलाड़ियों को एक साथ लाना है। हॉकी के योगदान के महत्व पर हॉकी सबसे बुजुर्ग जीवित दिग्गज गुरबक्स सिंह ने 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा, ष्भारत में आयोजित पहला हॉकी टूर्नामेंट 1895 में बेयटन कप था। राष्ट्रीय हॉकी संड्डा का गठन 1925 में हुआ और भारत ने इसके गठन के केवल तीन साल बाद 1928 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। उसके बाद भारत ने 1932 और 1936 में स्वर्ण पदक जीते और अगर द्वितीय विश्व युद्ध न होता, तो 1940 और 1944 में भी ये खेल आयोजित होते, तो हम दो और स्वर्ण पदक जीत सकते थे। वह ध्यानचंद का युग था और हमने पूरी दुनिया पर अपना दबदबा कायम कर लिया था। गुरबक्स ने बताया कि ब्रिटेन ने 'भारत से हारने' के डर से 1948 तक हॉकी टीम नहीं उतारी थी। हॉकी ने न केवल भारत के खेल इतिहास में, बल्कि राष्ट्रवाद में भी योगदान दिया है। टीम का प्रदर्शन एक राष्ट्र के रूप में एकता की भावना लाने के लिए महत्वपूर्ण था। अंग्रेजों ने 1948 में ही हॉकी टीम उतारी थी क्योंकि उन्हें भारत से हारने का डर था, जब वे हम पर शासन करते थे। और आजादी मिलने के बाद उन्हें उन्हीं के ड्डार में हराना भारतीय इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक था।

## एशिया कप के ड्रामे के बीच, एसीसी ने अधूरी वार्षिक आम बैठक फिर से बुलाई

**एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए**

**दुबई, वार्ता।** पिछले कुछ दिनों में दुबई और लाहौर में मैदान के अंदर और बाहर खेला गया एशिया कप का नाटकीय ड्डाटनाक्रम अब इस महीने के अंत में एसीसी की बैठक के दौरान बोर्डरूम में स्थानांतरित हो सकता है।

एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम), जिसे कुछ महीने पहले ढाका में अचानक स्थगित कर दिया गया था, अब 30 सितम्बर को दुबई में पुनर्निर्धारित की गई है। एशिया कप फाइनल के दो दिन बाद होने वाली इस बैठक में, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मो. हसिन नकवी करेंगे, जोरदार हंगामा होने की उम्मीद है - मौजूदा चैंपियनशिप से जुड़े मुद्दों और ढाका में 24 जुलाई को होने वाली बैठक में अधूरे रह गए कार्यों को लेकर। एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए हैं। हाथ मिलाने का विवाद, मैच रेफरी विवाद और पाकिस्तान के हटने की धमकी-जिन पर विचार-विमर्श किया जाना है। एक और विवाद भी छिड़ सकता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि एशिया कप कौन जीतता है, ट्रॉफी कौन प्रदान करता है, और समारोह का आयोजन कैसे होता है। बीसीसीआई से कौन भाग लेगा, यह भी एक कारक हो सकता है। महिला वनडे विश्व कप उसी दिन गुवाहाटी में शुरू हो रहा है, और बीसीसीआई सदस्यों के उद्ड्डाटन समारोह में व्यस्त रहने की उम्मीद है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि एसीसी बैठक में बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसे नामित किया जाता है। यह निर्णय दो दिन पहले, 28 सितम्बर को मुंबई में बीसीसीआई की अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया जाएगा। वर्तमान में, राजीव शुक्ला और आशीष शेलार एसीसी में बीसीसीआई के नामित प्रतिनिधि हैं। दोनों ने ढाका बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया था। 30 सितम्बर के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण विषय एसीसी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। बीसीसीआई द्वारा इस प्रक्रिया का विरोध करने के बाद ढाका में यह मामला अनसुलझा रह गया था।

## वेस्टइंडीज ने नेपाल दौरे के लिए टीम की घोषणा की

**इस सीरीज के दौरान कैरिबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया**

**एंटीगा, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने इस महीने शारजाह में नेपाल के साथ होने वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की ड्डाोषणा कर दी है।

इस श्रृंखला के दौरान कैरेबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। इनमे कप्तान शाई होप, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ व बल्लेबाज जॉनसन शामिल है। इस श्रृंखला में स्पिनर अकील कप्तान के रूप में टीम की अगुवाई करेंगे, जबकि नियमित खिलाड़ी फैबियन एलन, होल्डर और मेयर्स 27 सितम्बर से शुरू होने वाले तीन मैचों के दौरान टीम का समर्थन करेंगे। इस श्रृंखला के दौरान पांच खिलाड़ी बल्लेबाज अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, स्पिनर जिशान मोटारा, तेज गेंदबाज रेमन सिमंड्स और विकेटकीपर आमिर जंगू अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की कतार में हैं। वेस्टइंडीज क्रिकेट के निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने टीम के चयन को लेकर कहा कि यह श्रृंखला टीम को अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले प्रभावित करने के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नेपाल के खिलाफ यह श्रृंखला विंडीज क्रिकेट के क्षितिज को व्यापक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## सिंधु, सात्विक व चिराग क्वार्टरफाइनल में




**शेनझेन, वार्ता।** दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी की भारतीय जोड्डी ने ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

भारतीय जोड़ी ने गुरूवार को केवल 33 मिनट में सीधे गेमों में चीनी ताइपे के चियु सियांग चीह और को 21-13, 21-12 से परा. जित किया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा। पीवी सिंधु ने राउंड ऑफ 16 में वर्ल्ड नंबर 6 थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय स्टार ने शेनझेन एरिना, शेनझेन में 41 मिनट में 21-15, 21-15 से सीधे गेमों में जीत दर्ज की।

## अल जवरा से 2-0 से हारी गोवा एफसी

● **पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफसी गोवा ने गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः इराक की अल जवरा एससी से 0-2 से हार गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंड्डा (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा, एफसी गोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंततः बुधवार, 17 सितम्बर, 2025 को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में इराक की अल जवरा एससी के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंत में रेजिक बनिहानी और निज़ार अलराशदान के गोलों की बदौलत अल जवरा ने गोल कर अंक हासिल किए। मैच पर प्रकाश डालते हुए, एआईएफएफ ने कहा कि शुरुआत में



एकाग्रता में चूक एफसी गोवा को भारी पड़ गई क्योंकि महदी हुमैदान ने एक बैक पास को रोक लिया और बॉक्स में पहुंचकर मोहम्मद कासिम को क्रॉस दिया, जिसका ज़ोरदार प्रयास बार से टकरा गया।

मेजबान टीम ने आठवें मिनट में पहला मौका बनाया, देजान ड्राज़कि को बाईं ओर से एक सटीक क्रॉस देने का मौका मिला, जिस पर जेवियर सिवेरियो ने अपना हेडर लगाया, लेकिन गेंद ऊपर से निकल गई। इसके बाद, पहले हाफ के अंतिम मिनटों तक मैच में गति. रोध बना रहा जब हसन अब्दुलकरीम के फ्री-किक पर निज़ार अलराशदान के शानदार हेडर पर एफसी गोवा के गोलकीपर ऋतिक तिवारी ने अपनी दाईं ओर एक शानदार बचाव किया। एआईएफएफ के अनुसार कि 44वें मिनट में अल जवरा को कोई मौका नहीं मिला। अब्दुलकरीम ने बॉक्स में कदीम राद को पास दिया और राद ने गेंद को बनिहानी की ओर बढ़ाया, जिनके प्रयास ने निम दोर्जी तमांग से डबल डिफ्लेक्शन लिया और जॉर्डन के स्ट्राइकर से टकराकर नेट में समा गया। दूसरे हाफ के शुरुआती मिनट में ही इराकी टीम अपनी बढ़त दोगुनी करने से कुछ ही इंच दूर थी कि बनिहानी ने बाएं फ्लैंक से बॉक्स में ड्राइव किया।

## स्पेन 2014 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची

**नई दिल्ली, वार्ता।** जून और जुलाई में पहले फीफा क्लब विश्व कप की शानदार सफलता के बाद एक अंतराल के बाद, पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता इस महीने की शुरुआत में अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में फीफा विश्व कप 26 क्वालीफायर की एक श्रृंखला के रूप में वैश्विक मंच पर धमाकेदार वापसी कर रही है। फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग के अंतिम बार अपडेट होने के बाद से, दुनिया भर में 200 से ज्यादा प्रासंगिक राष्ट्रीय टीमों के मैच खेले जा चुके हैं, जिनका रैंकिंग पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।

सबसे बड़ा बदलाव शीर्ष पर हुआ है, जहां यूईएफए यूरो 2024 विजेता स्पेन एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, यह एक ऐसा स्थान है जो उन्होंने जून 2014 के बाद से पुरुष वर्ग में हासिल नहीं किया था।

## मिलानो कॉर्टिना 2026 के लिए 85 प्रतिशत स्टेडियम तैयार: आईओसी

● **शीतकालीन ओलंपिक 6 से 22 फरवरी 2026 तक होंगे इसके बाद 6 से 15 मार्च तक पैरालंपिक का आयोजन होगा**

**जिनेवा, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति समन्वय आयोग ने कहा कि मिलानो कॉर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए 85 प्रतिशत आयोजन स्थल तैयार हैं।

मिलान, कॉर्टिना, वाल्टेलिना, फिएमे घाटियों और वेरोना में शीतकालीन ओलंपिक छह से 22 फरवरी 2026 तक होंगे, इसके बाद छह से 15 मार्च तक पैरालिंपिक का आयोजन होगा। समन्वय आयोग की अध्यक्ष क्लोस्टर ने बुधवार को आयोग के छठे और अंतिम दौरे के बाद मिलान में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लगभग 85 प्रतिशत आयोजन स्थल पहले से ही मौजूद हैं। अगर हम आंकड़ों पर सटीक नजर डालें, तो ये खेल भी प्रभाव डाल रहे हैं। उत्साह बढ़ रहा है और अब तक के काम पर हमें गर्व है। कॉर्टिना में स्लाइडिंग सेंटर उम्मीदों से बढ़कर है। मिलान ओलंपिक विलेज पूरी तरह से तैयार है और आठ लाख से अधिक टिकटों की बिक्री राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर उत्सुकता को दर्शाती है। क्लोस्टर ने कहा कि अगले महीने का ध्यान जागरूकता बढ़ाने, प्रशंसकों को जोड़ने और खेलों से पहले होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों और उपलब्धियों को बढ़ावा देने पर होगा। हम अब परिचालन तैयारी के एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं, जिसमें खेलों के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण कार्यक्रम और सिमुलेशन कार्यक्रम निर्धारित हैं।

# भारत आखिरी ग्रुप मैच में ओमान से भिड़ेगा

● **गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है, जिसमें यूएई और पाकिस्तान को धूल चटाई**

**अबु धाबी, वार्ता।** भारत शुक्रवार को शेख जायद स्टेडियम में एशिया कप टी-20 के ग्रुप-ए के आखिरी मुकाबले में ओमान से भिड़ेगा, जो शाम के अंधेरे में मंडराता हुआ बाड्डा है। सुपर 4 का टिकट पहले ही उनकी जेब में है। गत चैंपियन टीम ने ग्रुप चरण में मानसून की तरह तूफानी प्रदर्शन किया है - पहले यूएई को रनों से भिगोया, फिर सात विकेट शेष रहते पाकिस्तान को धूल चटाई। अब वे तीन में से तीन जीत के कगार पर हैं और आगे की कड़ी टक्कर से पहले अपने पंजे तेज करने को बेताब हैं। शीर्ष क्रम में, युवा अभिषेक शर्मा एक धधकते धूमकेतु की तरह बल्लेबाजी कर रहे हैं, जिससे पावरप्ले में भारत को रॉकेट जैसा ईंधन मिल रहा है। शुभमन गिल की विलो ने जहाज को स्थिर पतवार की तरह चलाया है, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने बीच के ओवरों में त्योहार की रोशनी जैसे चमकदार स्ट्रोक लगाए हैं। उनके पीछे संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल हैं - बेंच इतनी गहरी है कि अरब सागर को छू सकती है। गेंदबाजी में, कुलदीप यादव ने छल के जाल बिछाए हैं, वरुण चक्रवर्ती ने किसी जादूगर की तरह गेंदबाजी की है, और जसप्रीत बुमराह भारत के शस्त्रागार में वज्रपात की तरह हैं। दो भारी हार के बाद पहले ही बाहर हो चुका ओमान, उम्मीदों से भरे दिल के साथ एक कमजोर टीम के रूप में उतरेगा। कप्तान जतिंदर सिंह, अगर अपनी लय फिर से हासिल कर लेते हैं, तो जोश भर सकते हैं, जबकि आमिर कलीम और शाह फैसल को अपनी टीम को बचाए रखने के लिए अपनी क्षमता से ज्यादा प्रदर्शन करना होगा। शेख जायद की पिच बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होने का वादा करती है - शुरुआत में स्ट्रोक बनाने वालों के लिए अच्छी, और जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा, स्पिनरों के लिए टर्न का इंतजार रहेगा। मौसम गर्म और उमस भरा होगा, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं होने के कारण, अबु धाबी की रोशनी में क्रिकेट का बोलबा. ला रहेगा। अगर भारत पहले बल्लेबाजी करता है, तो उसका लक्ष्य 190-200 के बीच का विशाल स्कोर खड़ा करना होगा। ओमान अगर 150 रन का लक्ष्य रखता है, तो वह उसे एक बड़ा खजाना मानेगा। टॉस के लिहाज से, भारत की लक्ष्य का पीछा करने की प्रवृत्ति उन्हें पहले गें. दबाजी करने के लिए प्रेरित कर सकती है, जबकि ओमान बल्लेबाजी करके रन बनाना पसंद कर सकता है।

**एकादश:** भारत - अभिषेक, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती।

ओमान - आमिर कलीम, जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्ज़ा, विनायक शुक्ला (विकेट कीपर), वसीम अली, हसनैन शाह, शाह फैसल, जितेन रामानंदी, आर्यन बिष्ट, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

अपनी फॉर्म, आक्रामकता और चतुराई के साथ, भारत इस मुकाबले को एक रोमांचक मुक. ाबले में बदलने के लिए तैयार है। ओमान के लिए चुनौती बड़ी है, लेकिन जैसा कि सिद्धू खुद कह सकते हैं कि क्रिकेट शानदार अनिश्चितताओं का खेल है।

## सुरजीत हॉकी आकादमी में खेल जगत के दिग्गजों ने खिलाड़ियों को हॉकी के गुर सिखाए

● **सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत अनुशासन और खेल के प्रति जुनून बेहद जरूरी है: लखविंदर सिंह**

**जालंधर, वार्ता।** राउंड ग्लास हॉकी अकादमी के तकनीकी प्रमुख ओलंपियन रा. जंदर सिंह (वरिष्ठ), सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर की कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा और पंजाब हॉकी के महासचिव श्री अमरीक सिंह पवार ने गुरुवार संयुक्त रूप से सुरजीत हॉकी अकादमी का दौरा किया और वहां प्रशिक्षण ले रहे युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्हें खेल की बारीकियां समझाईं, अपने अनुभव साझा किये और हॉकी के खेल से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस अवसर पर ओलंपियन राजिंदर सिंह (वरिष्ठ) ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे पासिंग, ड्रिब्लिंग, डिफेंस और गोल-शूटिंग के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिये। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति जुनून बेहद ज़रूरी है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अकादमी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को हॉकी की कला सिखाना और देश के लिए अच्छे खिलाड़ी तैयार करना है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे जोश के साथ कड़ी मेहनत करके देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। हॉकी पंजाब के महासचिव अमरीक सिंह पवार ने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए हॉकी प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क के महत्व पर ज़ोर दिया। इस दौरान अकादमी के कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन समिति भी मौजूद थी।

# चुनाव आयोग पर निशाना

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर चुनाव आयोग पर यह कहकर निशाना साधा है कि देश में वोट चोरी की जा रही है और सोची हुई रणनीति के तहत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

एक तरह से वह कह रहे हैं कि ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद नहीं कर रहे हैं। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने इस संबंध में कई उदाहरण भी दिए। इसमें कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां 6018 मतदाताओं के नाम काटे गए, जिसके उनके पास सबूत हैं। उनका कहना था कि यह काम किसी एक स्थान पर नहीं बल्कि कई जगहों पर किया गया। उनका कहना था कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी इसी तरीके से हुआ, वहां 6850 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। उनके अनुसार उप्र, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरीके से वोट चोरी का काम किया गया। राहुल गांधी ने सीधे कहा कि वह जानना चाहते हैं कि वोट चोरी का मास्टरमाइंड कौन है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास सबूत हैं कि मतदाताओं के नाम हटाने के लिए सॉफ्टवेयर व कॉल सेंटर का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने इस बात का भी दावा किया कि वोट चोरी का मास्टरमाइंड कौन है यह भी पता चल जाएगा। राहुल गांधी ने दृढ़ता के साथ कहा कि वह जो भी बोल रहे हैं सबूतों के साथ बोल रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कर्नाटक सीआईडी ने मामला दर्ज कराया और आयोग को 18 पत्र लिखकर यह बताने को कहा कि उसे गंतव्य यानि डेस्टिनेशन आईपी, डिवाइस, गंतव्य पोर्ट, फोन नंबर व उनके मालिकों के नाम बताए जाएं, वह कहते हैं कि फरवरी 2023 में प्राथमिकी दर्ज होती है और मार्च में कर्नाटक सीआईडी चुनाव आयोग से ब्यौरा मांगती है। अगस्त 2023 में उसको आधी जानकारी दी जाती है जिससे जांच पूरी न हो सके। उन्होंने तो यह दावा भी किया कि मार्च 2025 में कर्नाटक के चुनाव अधिकारी ने भी चुनाव आयोग से विवरण मांगा और आखिरी पत्र सितंबर में भेजा गया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि किसी भी मतदाता का नाम सूची से किसी भी सदस्य द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जाता। यह देखना बेहद दिलचस्प है कि एक तरफ चुनाव आयोग पूरे देश में एसआईआर को लेकर गंभीर दिखाई दे रहा है, इसको लेकर वह सुप्रीम कोर्ट से भी टकराने के लिए तैयार दिखाई देता है, तो वहीं दूसरी तरफ वोटर लिस्टर को लेकर जो गंभीर आरोप लग रहे हैं, उसमें किसी तरह की गंभीरता दिखाता नजर नहीं आ रहा। निसंदेह इस समय चुनाव आयोग की साख पूरी तरह दांव पर लगी दिखाई दे रही है।

## कांग्रेस के वोटों को निशाना बनाया जा रहा



चुनाव आयोग जानबूझकर कांग्रेस के वोटों को निशाना बना रहा है और उनके नाम डिलीट कर रहा है, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है, महाराष्ट्र, हरियाणा और यूपी में यही हो रहा है, कर्नाटक के आलंद में 6018 वोटर्स को डिलीट करने की कोशिश हुई, 2023 के चुनाव में किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की, इसकी संख्या ज्यादा भी हो सकती है, हमें नहीं पता कि कुल कितने वोट डिलीट किए गए, इन्हें डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया, आलंद में जिन वोटर्स के नाम डिलीट किए गए, उनको हटाने के लिए दूसरे राज्यों में ऑपरेट हो रहे मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया, गोदावाई के 12 पड़ोसी के नाम भी हैं, जिन्हें इन मोबाइल नंबर्स से डिलीट किया गया।

**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते सड़क हादसे



**रजनीश कपूर**



दिल्ली, भारत की राजधानी, जो तेजी से विकसित हो रही है, वहां सड़कें न केवल प्रगति का प्रतीक हैं, बल्कि मौत का भी सैलाब बन चुकी हैं। 14 सितंबर 2025 को दिल्ली में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने दोषपूर्ण हत्या के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आए दिन हमें देश के अलग अलग शहरों से ऐसी घटनाओं की खबर मिलती है जो भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख देती हैं। हर साल लाखों दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें से अधिकांश रोकथाम योग्य हैं। लेकिन क्यों? इसका मुख्य कारण है आपातकालीन सेवाओं की घोर कमी, जनता द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करना और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सुस्ती।

सबसे पहले, हालिया दुर्घटना को समझें। नवजोत सिंह जैसे सम्मानित अधिकारी की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। पुलिस जांच से पता चला कि कार की रफ्तार निर्धारित गति सीमा से काफी अधिक थी। लेकिन हादसे के बाद जो सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई, वह थी प्राथमिक चिकित्सा सहायता की अनुपस्थिति। दुर्भाग्यवश, दिल्ली जैसे महानगर में भी एम्बुलेंस पहुंचने में 20-30 मिनट लग जाते हैं। यदि 'गोल्डन ऑवर'कृयानी हादसे के पहले घंटे में उचित उपचार मिल जाता, तो शायद नवजोत की जान बच सकती थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत मौतें प्री-हॉस्पिटल चरण में ही हो जाती हैं, क्योंकि भारत में आपातकालीन सेवाएं अपर्याप्त हैं।

भारत में आपातकालीन सेवाओं की स्थिति बेहद दयनीय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2021 की रिपोर्ट के मुता. बिक, देश में 1,55,622 सड़क मौतें हुईं, जिनमें से 69,240 दोपहिया वाहनों से जुड़ी थीं। वहीं, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, 2022 में 4,64,910 दुर्घटनाओं में 1,47,913 मौतें हुईं। समस्या यह है कि भारत में एम्बुलेंस सेवाएं, जैसे 108 या 102, अक्सर ओवरलोडेड होती हैं। ग्रामीण और राजमार्गीय इलाकों में तो स्थिति और खराब है। यहां एम्बुलेंस पहुंचने में औसतन 45 मिनट से एक घंटा लग जाता है। एक अध्ययन के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना स्थल से ट्रॉमा सेंटर तक पहुंचने में देरी से 40 प्रतिशत मौतें बढ़ जाती हैं। दिल्ली में, जहां वाहनों की संख्या 1 करोड़ से अधिक है, ट्रैफिक जाम एम्बुलेंस को रोक देता है। फोरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्री-हॉस्पिटल इमरजेंसी केयर मजबूत होती, तो 30-50 प्रतिशत जानें बच सकतीं। लेकिन सरकार की '5ई' रणनीतिकृइंजीनियरिंग, एजुक. ेशन, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, में इमरजेंसी केयर पर निवेश न्यूनतम है। नतीजा? हर दिन 405 मौतें और 1,290 घायल। यह राष्ट्रीय संकट है, जो विकास की राह में बड़ा रोड़ा है।

अब जनता द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना की बात करें। इसका एक बड़ा कारण है 'चलता है' वाली मानसिकता। इंटरनेट पर कई प्लेटफॉर्म्स पर चर्चाओं से साफ है कि लोग नियमों को 'सजावटी' मानते हैं। ओवरस्पीडिंग, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट के ड्राइविंग, गलत लेन तोड़ना, ए आम हैं। क्यों? पहला, जागरूकता की कमी, स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की शिक्षापर्याप्त मात्रा में नहीं दी जाती, नतीजा बच्चे बड़े होकर भी नियमों को महत्व नहीं देते। दूसरा, जनसंख्या घनत्व 1।3 अरब आबादी वाले देश में सड़कें ओवरलोड हैं, लोग सोचते हैं, 'एक-दो नियम तोड़ लूंगा, क्या फर्क पड़ेगा?' तीसरा, सामाजिक दबाव, यदि कोई रेड लाइट पर रुकता है, तो पीछे से हॉर्न बजते हैं, गालियां पड़ती हैं। लोग जल्दबाजी में रहते हैं, ट्रैफिक में समय की कमी से तनाव बढ़ता है और नियम तोड़ना 'स्मार्ट' लगता है। चौथा, सांस्कृतिक पक्ष, भारत में 'जुगाड़' संस्कृति प्रचलित है। नियम तोड़ना 'चालाकी' माना जाता है। एक सर्वे के अनुसार, अधिकांश ड्राइवरों को नियमों की पूरी जानकारी ही नहीं। परिणामस्वरूप, 2023 में 35,000 पैदल यात्री और 10,000 बच्चे दुर्घटनाओं का शिकार बने। यदि जनता जागरूक होती, तो ए आंकड़े कम होते। इस अवहेलना का एक प्रमुख कारण है कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सुस्ती। ट्रैफिक पुलिस की कमी भयानक है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के अनुसार, 85,144 ट्रैफिक पुलिस पदों में 30 प्रतिशत और 58,509 कांस्टेबल पदों में 39 प्रतिशत रिक्त हैं। बिना सख्ती के, लोग नियम तोड़ते हैं। क्यों आलसी हैं एजेंसियां? पहला, संसाधनों की कमी। कैमरे, स्पीड गन्स, बॉडी कैमरे, आदि जैसे उपकरण अपर्याप्त हैं। मोटर व्हीकल एक्ट 2019 में सख्त जुर्माने जोड़े गए, लेकिन लागू नहीं होते। दूसरा, भ्रष्टाचार, छोटे-मोटे उल्लंघनों पर 50-100 रुपये में सेटलमेंट हो जाता है, जिससे डर समाप्त हो जाता है। तीसरा, प्राथमिकताएं, पुलिस अन्य अपराधों पर फोकस करती है, ट्रैफिक को सेकेंडरी मानती है। चौथा, प्रशिक्षण की कमी, अधिकारी सड़क डिजाइन या व्यवहार समझ नहीं पाते। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब सड़क डिजाइन और साइनेज भी दुर्घटनाएं बढ़ाते हैं, लेकिन प्रवर्तन कमजोर है। विदेशों की तरह यदि भारत में भी सख्ती हो, तो सुधार संभव है।

ये समस्याएं परस्पर जुड़ी हैं। अवहेलना से दुर्घटनाएं बढ़ती हैं, सेवाओं की कमी से मौतें। समाधान? पहला, आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करेंहर 10 किमी पर ट्रॉमा सेंटर हों। एकीकृत हेल्पलाइन '112' को मजबूत बनाया जाए। दूसरा, शिक्षा, स्कूलों में ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाए जाएं। तीसरा, प्रवर्तन, पुलिस भर्ती बढ़ाएं, ई-मॉनिटरिंग लागू करें, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। चौथा, बुनियादी ढांचा, सड़कें सुधारें, साइनेज बढ़ाएं। सरकार की 'रोड सेफ्टी' योजना को गति दें। नवजोत सिंह जैसीमौतें हमें झकझोरती है, यदि हम नहीं चेते, तो और कितने परिवार बिखरेंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनाली के पास छुपे हैं तीन शानदार हिल स्टेशन

**अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली से 100 किमी की दूरी पर स्थित कुछ हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं।**

जब भी लोग पहाड़ी जगहों पर घूमने जाने का प्लान करते हैं, तो वह आसपास की सभी जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान करते हैं। कई बार लोग ऐसी लोकेशन के बारे में सर्च करते हैं, जो आपकी लोकेशन के पास भी हो और साथ ही खूबसूरत भी हो। वहीं अपने शहर से दूर घूमने गए लोग हमेशा पूरी प्लानिंग करने के बाद जाते हैं। क्योंकि लंबे ट्रिप पर निकले लोग आसपास की जगहों को भी एक्सप्लोर करते हैं। ऐसे में अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगहें ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली से 100 किमी की दूरी पर स्थित कुछ हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं।



## मणिकर्ण

बता दें कि मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 100 किमी के अंदर है। आप यहां पर 2रू30 से 03रू00 घंटे में पहुंच जाएंगे। मनाली घूमने गए लोगों को आसपास की जगहों को कवर करना चाहिए। इससे न तो ज्यादा खर्च आएगा और न ही आपको लोकेशन तक पहुंचने पर अधिक समय लगेगा। मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 79 किमी दूर है। आप मणिकर्ण पहुंचकर कसोल भी जा सकते हैं। कसोल और मणिकर्ण की बीच की दूरी करीब 20 मिनट की है।

## कसोल

मनाली घूमने वाले लोगों को कसोल भी आना चाहिए। क्योंकि यह जगह मनाली से 100 किमी से भी कम दूरी पर स्थित है। अगर आपको ट्रैफिक नहीं मिलेगा, तो आपको यहां पहुंचने में करीब 2 घंटे का समय लगेगा। मनाली से कसोल की दूरी करीब 75 किमी है। बता दें कि कसोल और कसोली 2 अलग-अलग जगहें हैं। जिसमें कसोल ऊंचाई पर स्थित है और यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह जगह अपनी सुकून और शांति के लिए जाना जाता है।

## रोहतांग पास

मनाली के पास सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जगह रोहतांग पास है। मनाली घूमने जाने वाले लोग रोहतांग पास घूमने जरूर जाते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि मनाली से अधिक दूर नहीं है। इसलिए लोगों को यहां पर पहुंचने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। मनाली से रोहतांग पास की दूरी करीब 50 किमी है। आप यहां पर 2 घंटे में आसानी से पहुंच जाते हैं और यहां पहुंचने में अधिक खर्च नहीं आने वाला है। ऐसे में अगर आप भी मनाली घूमने जा रहे हैं।

# हरित हाइड्रोजन की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल्वे ने हाल ही में घोषणा की है कि हाइड्रोजन से चलने वाली एक ट्रेन ने सभी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैंय यह ट्रेन चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में विकसित की गई है। यह कदम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की प्रगति का एक अच्छा संकेत है। इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश में प्रति वर्ष कम से कम पचास लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जो 2070 तक देश में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

यह ट्रेन जल्द ही हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर लंबे मार्ग दौड़ेगी। यह ट्रेन जींद में स्थित 1 मेगावाट के पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर द्वारा उत्पादित हाइड्रोजन पर निर्भर है, जहां प्रतिदिन 430 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होता है। ट्रेन के ईंधन टैंक में हाइड्रोजन भरी जाएगी, ईंधन सेल हाइड्रोजन को बिजली में बदलेगा जिससे ट्रेन की इलेक्ट्रिक मोटरें चलेंगी। हाइड्रोजन बनाने का सिद्धांत काफी सरल है। विद्युत-अपघटक पानी के अणु को ऑक्सीजन, हाइड्रोजन आयन और इलेक्ट्रॉन में तोड़ता है। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया में ऋणात्मक इलेक्ट्रोड एनोड पर आणविक ऑक्सीजन मुक्त होती है, और मुक्त इलेक्ट्रॉन एक बाहरी परिपथ के माध्यम से धनात्मक इलेक्ट्रोड कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड और एनोड के बीच छन्ने के रूप में एक बहुलक विद्युत अपघटक झिल्ली होती है, जो केवल हाइड्रोजन आयन को कैथोड तक जाने देती है, जहां वे इलेक्ट्रॉनों के साथ मिलकर हाइड्रोजन अणु बनाते हैं। ए अणु गैस के रूप में ऊपर आते हैं। फिर इस गैस को संपीड़ित करके संग्रहित कर लिया जाता है। छन्ने के तौर पर इस्तेमाल झिल्ली आम तौर पर एक फ्लोरोपॉलीमर, जैसे नैफिऑन टेफ्लॉन से सम्बंधित, से बनी होती है। यह झिल्ली विद्युत की उम्दा कुचालक होती है, जो अपने में से इलेक्ट्रॉन्स को गुजरने नहीं देती। उत्पादित हाइड्रोजन और ऑक्सीजन एकदम अलग-अलग जगह बनते हैं।

हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों में हाइड्रोजन ईंधन सेल में उपरोक्त अभिक्रिया विपरीत दिशा में होती है। हाइड्रोजन को एनोड तक लाया जाता है, जहां उत्प्रेरक की उपस्थिति में प्रत्येक हाइड्रोजन अणु टूटकर दो हाइड्रोजन आयन और दो इलेक्ट्रॉन बनाता है। हाइड्रोजन आयन झिल्ली से होकर कैथोड तक जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन इस झिल्ली को पार नहीं कर पाते और एक बाहरी परिपथ के जरिए कैथोड तक पहुंचते हैं। कैथोड पर हाइड्रोजन आयन का संपर्क हवा में मौजूद ऑक्सीजन और एनोड तक बाहरी परिपथ के माध्यम से लाए गए इलेक्ट्रॉनों से होता है। इस प्रकार पानी बनता है। बाहरी परिपथ से प्रवाहित इलेक्ट्रॉन विद्युत धारा पैदा करते हैं जो वाहन को शक्ति प्रदान करती है।

ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं। इसमें विद्युत-रासायनिक रूप से सक्रिय सूक्ष्मजीव एनोड पर फलते-फूलते हैं और कृषि अवशेषों, अपशिष्ट जल जैसे कार्बनिक पदार्थों का ऑक्सीकरण करते हैं, और इस प्रक्रिया में उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को एनोड तक पहुंचाया जाता है। उत्प्रेरक के तौर पर इसमें प्लैटिनम, इरिडियम जैसे महंगे पदार्थ चाहिए होते हैं। वर्तमान शोध का उद्देश्य महंगे तत्वों को निकल, कोबाल्ट, या लोहे जैसे सस्ते तत्वों से प्रतिस्थापित करना है। सस्ते हाइड्रोजन उत्पादन के शुरुआती कार्य में जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के सीएनआर राव के समूह ने प्लैटिनम इलेक्ट्रोड के बराबर जल-अपघटन क्षमता वाले निकल-निकल हाइड्रॉक्साइड-ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड डिजाइन किए हैं। ऐसे शोध कार्यों को सौर ऊर्जा और सूक्ष्मजीव-चालित प्रक्रियाओं के साथ जोड़कर एक ऐसा ईंधन तैयार किया जा सकता है जो पर्यावरण के अनुकूल भी हो और सस्ता भी।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**स्रोत फीचर्स**



**ईंधन सेल और विद्युत अपघटक में होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं में एक महत्वपूर्ण अंतर है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया स्वत:स्फूर्त होती है। दूसरी ओर, पानी अपने आप इन दो तत्वों में नहीं टूटता। इस विद्युत-रासायनिक अभिक्रिया को ऊर्जा देने के लिए विद्युत आपूर्ति आवश्यक होती है और हरित हाइड्रोजन बनाने के लिए विद्युत-अपघटक को बिजली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से मिलनी चाहिएय जैसे, सौर या पवन ऊर्जा। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोतों की जरूरत होगी। सूक्ष्मजीवों की इलेक्ट्रोलाइटिक कोशिकाओं में हाइड्रोजन का उत्पादन करने के रोमांचक प्रयास भी चल रहे हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

### नवलनी को जेल में जहर दिया गया था: यूलिया

**लंदन।** रूस में विपक्ष के नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी की पत्नी ने कहा है कि 2024 में आर्कटिक दंड कॉलोनी में जेल की सजा काटते समय उन्हें जहर देकर मार दिया गया था। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में यूलिया नवलनया ने कहा कि दो देशों की प्रयोगशालाओं द्वारा तस्करी किए गए जैविक नमूनों के विश्लेषण से पता चला है कि उनके पति की 'हत्या' की गई थी। उन्होंने कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए जहर, नमूनों या विश्लेषण के बारे में विवरण नहीं दिया, लेकिन दोनों प्रयोगशालाओं को अपने परिणाम प्रकाशित करने की चुनौती दी। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक भ्रष्टाचार के विरोध में अभियान चलाने वाले और रूस के सबसे मुखर विपक्षी नेता का 16 फरवरी 2024 को 47 वर्ष की आयु में जेल में अचानक निधन हो गया था।

### अमेरिकी एनआईएच का पूरे स्वास्थ्य के लिए शोध अभियान

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) ने बुधवार को एक नई शोध पहल की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य के अध्ययन को आगे बढ़ाना और स्वस्थ शारीरिक क्रियाओं का एक एकीकृत ज्ञान नेटवर्क बनाना है। यह पांच वर्षीय शोध कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा, जिसमें मौजूदा वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करके स्वस्थ मानव शरीर क्रिया विज्ञान का एक संपूर्ण, कार्यशील मॉडल विकसित किया जाएगा। एनआईएच के अनुसार, आगे के चरणों में रक्तचाप, रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल जैसे सामान्य नैदानिक जांचों को प्रमुख शारीरिक क्रियाओं से जोड़ा जाएगा। एनआईएच के एकीकृत स्वास्थ्य केंद्र की निदेशक हेलेन एम. लैंगविन ने कहा कि स्वस्थ शारीरिक क्रियाओं को संपूर्ण शरीर ज्ञान नेटवर्क में व्यवस्थित करके, शोधकर्ता स्वास्थ्य से संबंधित वैज्ञानिक प्रश्नों का एक नए तरीके से पता लगा सकेंगे।

### सिडनी हवाई अड्डे पर 'खसरे' का अलर्ट जारी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिडनी हवाई अड्डे पर खसरे का अलर्ट जारी किया है। उन्हें एक ऐसे व्यक्ति की सूचना मिली है जो यात्रा के दौरान संक्रमित हो गया था। पूर्वी तटीय राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार रात जारी एक अलर्ट में कहा कि यह संक्रमित व्यक्ति हाल ही में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) से लौटा है, जहां खसरे का सक्रिय प्रकोप है और संक्रमित होने के दौरान उसने राज्य के उत्तरी क्षेत्र में कई स्थानों का दौरा किया था। बारह सितम्बर को वाशिंगटन की राजधानी पर्थ से सिडनी जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों, साथ ही उसी दिन सिडनी से गोल्ड कोस्ट हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लक्षणों के विकास पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

# पाक-आर्मी चीफ ने सैनिकों को आंतकियों के जनाजे में भेजा

## जैश कमांडर बोला: जवानों ने वर्दी में अंतिम सलामी दी, ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए थे

**कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सैन्य अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का आदेश दिया था।

यह खुलासा आतंकी संगठन जैश- ए-मोहम्मद के प्रमुख कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने किया है। कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहा है कि जनरल हेडक्वार्टर ने शहीदों को सम्मानित करने और अंतिम सलामी देने का आदेश दिया है। कोर कमांडरों को जनाजों के साथ चलने और वर्दी में उनकी सुरक्षा करने को कहा गया। कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी। इसमें सैनिक मारे गए आतंकी के अंतिम संस्कार में शामिल दिखाई दिए थे।

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग भारत के हमले में मारे गए आतंकियों के नमाज- ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था। मसूद इलियास कश्मीरी ने अपने बयान में यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश- ए-मोहम्मद और बहावलपुर के आतंकी कैंपों के बीच के संबंधों को छिपाने की पूरी कोशिश की। यह बयान उस समय आया है, जब पाकिस्तान बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर यह दावा करता रहा है कि उसके देश में कोई आतंकी कैंप नहीं चल रहा है। पाकिस्तान सरकार और सेना ने हमेशा बहावलपुर में जैश के कैंपों के होने से इनकार किया है। इससे पहले लश्कर-ए-तैयबा के उप-प्रमुख सैफुल्लाह कसूरी ने टेलीग्राम पर वीडियो जारी कर भारत और पीएम मोदी को अंजाम भुगतने की धमकी दी।

**कुछ महीने पहले पाकिस्तानी सैनिकों की सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुई थी**

सैफुल्लाह 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में, कसूरी ने चेतावनी दी कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय बांधों, नदियों और इलाकों पर कब्जा करने की कोशिशें की जाएगी। कसूरी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान सरकार और सेना आतंकवादी संगठन को मुरीदके में अपना मुख्यालय फिर से बनाने के लिए धन मुहैया करा रही है, जिसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह कर दिया गया था।



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (DUSU) चुनाव में मतदान के लिए नॉर्थ कैंपस में कतार में खड़ी छात्राएं।

# लगातार इजरायली बमबारी फलस्तीन पर पड़ रही भारी

**महिलाएं बिना अस्पालों, डॉक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर**

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मानवीय सहायताकर्ताओं ने कहा कि गाजा शहर में बढ़ती इजरायली बमबारी और जमीनी कार्रवाई फलस्तीनियों पर लगातार भारी पड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा शहर के रंतिसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल पर रात भर कई बार हमला किया गया। इस अस्पताल में 80 मरीज थे, जिनमें 12 बच्चे और शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में थे।

आधे मरीज और उनके देखभाल करने वाले सुरक्षा की तलाश में गोलीबारी के बीच भागने को मजबूर हुए। संरा जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने कहा कि गाजा में इजरायली सैन्य अभियान के कारण महिलाएं बिना अस्पतालों, डाक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर हैं। इसमें कहा गया है कि 23 हजार महिलाएं बिना देखभाल के रह रही हैं और हर हफ्ते लगभग 15 बच्चे बिना किसी चिकित्सा सहायता के पैदा हो रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि उसके मानवीय सहयोगियों ने बताया है कि मार्च में युद्धविराम टूटने के बाद से, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य बाह्य रोगी सेवाएं प्रदान करने वाले 80 चिकित्सा केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 65 सेवा से बाहर हैं।

# लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी



**अफगानिस्तान को आतंक मुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर- ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें।

यह संदेश भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया। हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### ब्रिटेन में ट्रम्प के राजकीय दौरे का विरोध

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राजकीय दौरे के विरोध में हजारों लोगों ने लंदन की सड़कों पर प्रदर्शन किया। इस रैली को 'स्टॉप ट्रम्प कोएलिशन' नामक संगठन ने निकाला। इसमें 50 से ज्यादा यूनियन और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने लंदन के पोर्टलैंड प्लेस से संसद भवन चौराहे तक रैली निकाली। लंदन मेट्रोपालिटन पुलिस के मुताबिक करीब 5000 लोग इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सुरक्षा के लिए 1600 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। लोगों ने विरोध के लिए हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। इन पर 'ट्रम्प नाट वेलकम', 'नो टू रेसिज्म' और 'स्टॉप आर्मिंग इजराइल' यानी इजरायलको हथियार देना बंद करो, लिखा था। कई लोग ट्रम्प बेबी ब्लिम्प नाम के कास्ट्यूम के साथ भी पहुंचे। यह कास्टड्यूम 2019 में मशहूर हुआ था।

# ट्रम्प ने भारत-पाक समेत 23 देशों को ड्रग तस्कर बताया

## कहा: ये खतरनाक केमिकल बना रहे, इससे अमेरिका में इजरजेंसी जैसे हालात



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 23 देशों को ड्रग तस्करी और अवैध ड्रग प्रोडक्शन करने वाले देशों की लिस्ट में शामिल किया है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, कोलंबिया, बोलिविया और वेनेजुएला जैसे देश शामिल हैं।

ट्रम्प ने अमेरिकी संसद को सौंपी गई 'प्रेसिडेंशियल डिटरमिनेशन रिपोर्ट' में कहा कि इन देशों में अवैध ड्रग्स उत्पादन और तस्करी अमेरिका और उसके नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने कहा कि ड्रग तस्करी, खासकर फेंटेनाइल जैसे घातक ड्रग्स ने अमेरिका में नेशनल इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। यह पब्लिक हेल्थ संकट का कारण बन रहा है और 18 से 44 साल के अमेरिकियों की मौत की प्रमुख वजह है। ट्रम्प ने कहा कि चीन फेंटेनाइल जैसे खतरनाक ड्रग्स बनाने वाले केमिकल का सबसे बड़ा सोर्स है। इसके साथ ही वो मेथामफेटामाइन जैसे अन्य नशीले पदार्थों को भी बढ़ावा दे रहा है। ट्रम्प ने चीन से इन रसायनों को रोकने और तस्करों पर कार्रवाई करने को कहा। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान, बोलिविया, म्यांमार, कोलंबिया, और वेनेजुएला जैसे देश ड्रग्स के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। इन देशों से ड्रग कंट्रोल के लिए और सख्त कदम उठाने की मांग की गई है। हालांकि मंत्रालय ने क्लियर किया कि इस लिस्ट में किसी देश का नाम होने का मतलब यह नहीं कि उसकी सरकार ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। ट्रम्प ने अफगानिस्तान पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तालिबान ने अवैध ड्रग्स पर प्रतिबंध का ऐलान किया था, लेकिन ड्रग्स का भंडार और मेथामफेटामाइन का प्रोडक्शन जारी है।

### पेन्सिलवेनिया में गोलीबारी, तीन पुलिस अधिकारियों की मौत, दो घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्वोत्तर राज्य पेन्सिलवेनिया के यॉर्क काउंटी में बुधवार दोपहर हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी। सीबीएस न्यूज ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे यॉर्क काउंटी के नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप में घटी है। चार अधिकारी उत्तरी यॉर्क काउंटी क्षेत्रीय पुलिस विभाग से थे, जबकि पांचवा यार्क काउंटी के डिप्टी शेरिफ है। अधिकारियों ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के कारण तीन अधिकारियों की मौत हो गई और दो का इलाज चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार पुलिस अधिकारी उस क्षेत्र में वारंट की तामील कर रहे थे, तभी एक संदिग्ध ने बंदूक निकाली और उन पर गोली चला दी।

# सऊदी-पाकिस्तान के बीच हुआ अहम सुरक्षा समझौता

## दोनों मिलकर हमले का जवाब देंगे, दावा: एटमी हथियार को भी इस्तेमाल शामिल





**दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा**

**इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा**

**रियाद।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।

सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, दोनों देशों ने एक जाइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के रक्षा समझौते पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इसकी जानकारी पहले से थी। सऊदी अरब की राजधानी रियाद के यमामा पैलेस में हुई इस बैठक में क्राउन प्रिंस और शहबाज शरीफ ने चर्चा की।

शहबाज शरीफ के साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और हाई लेवल डेलिगेशन सऊदी पहुंचा है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि यह समझौता किसी खास देश या घटना के खिलाफ नहीं हुआ है, बल्कि दोनों देशों के बीच लंबे समय तक चलने वाले गहरे सहयोग का आधिकारिक रूप है। इजरायलने 9 सितम्बर को कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-ह"या को निशाना बनाकर हमला किया था। इस हमले में अल-हय्या बच तो गया था, लेकिन 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 14 सितम्बर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जाइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जाइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के राजदूत रह चुके जलमय खलीलजाद ने भी इस समझौते पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता हालांकि औपचारिक 'संधि' नहीं है, लेकिन इसकी गंभीरता को देखते हुए यह एक बड़ी रणनीतिक साझेदारी मानी जा रही है।

# पूर्व पीएम देउबा की पिटाई से डरे ओली का इस्तीफा

**सेना ने कहा: पहले इस्तीफा दो, फिर भागने के लिए हेलिकॉप्टर मिलेगा नेपाली मीडिया का दावा**

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने गेन-जेड युवाओं के प्रदर्शन के दौरान 9 सितम्बर इस्तीफा दे दिया था। नेपाली न्यूज पोर्टल उकेरा ने दावा किया है उनके इस्तीफे से पहले प्रदर्शनकारियों ने 9 सितम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर में घुसकर मारपीट की थी, जिससे ओली डर गए थे।

इसके बाद ओली ने नेपाल सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल को फोन करके भागने के लिए हेलिकॉप्टर मांगा था। लेकिन सिग्देल ने उनके सामने शर्त रखी थी कि पहले इस्तीफा दो, तभी हेलिकॉप्टर मिलेगा। ओली इतनी हड़बड़ी में पीएम आवास से भागे थे कि उप-प्रधानमंत्री बिष्णु पौडेल भी पीछे छूट गए थे, क्योंकि हेलिकॉप्टर में जगह नहीं थी। 9 सितम्बर की रात को सेना ने देश की कमान अपने हाथ में ले ली थी, जिसके बाद कुछ हद तक हालात कंट्रोल में आए।

WALK IN INTERVIEW
Required: Staff For D.El.Ed.(B.T.C.)
Principal / H.O.D - 01
Lecturer For: Hindi, English, Sanskrit, Maths, Science, Urdu, Foundation, Phy. Edu., Music & fine Arts, Social Science.
Qualification and Salary:
As per NCTE Regulation 2014/ SCERT U.P./U.P. Govt. Norms
Appear for Interview on 29/09/2025 at 10:00 AM with Resume & Original Document with Colour Photograph in the Department of D.El.Ed.(B.T.C.) .
ISLAMIA DEGREE COLLEGE DEOBAND
Email: idcdeoband@gmail.com
Mob. : 9045143298, 8755525452
Add: Near Indra Park, Deoband, Saharanpur (247554)

# बांग्लादेश पहुंचे 120 अमेरिकी सैनिक

## बिना अपना नाम रजिस्टर किए चटगांव के होटल में ठहरे

**85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, मिलिट्री एक्सरसाइज में हिस्सा लेंगे**

**ढाका।** अमेरिका से 120 सैनिक 10 सितम्बर को जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के लिए बांग्लादेश पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये सैनिक चटगांव के 5 स्टार रैडिसन ब्लू होटल में ठहरे हैं। यहां उनके लिए 85 कमरे पहले से बुक किए गए थे, लेकिन होटल के रजिस्टर में उनके नाम नहीं हैं। ये सैनिक 20 सितम्बर को वापस जाएंगे।

इसके बाद मिस्र का एक सैन्य विमान 14 सितम्बर को चटगांव के शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरा। इसके अगले दिन अमेरिकी सैनिकों ने बांग्लादेश वायुसेना के पटेंगा एयर बेस का दौरा किया। पहले भी अमेरिकी और बांग्लादेशी सेना ने 'टाइगर लाइटनिंग' और 'ऑपरेशन लाइटनिंग' नाम से दो मिलिट्री एक्सरसाइज की थी। इनका मकसद दोनों देशों की सेनाओं का आपसी तालमेल बढ़ाना और शांति मिशनों की तैयारी करना था। इस साल की शुरुआत में सिलहट के जलालाबाद कैंटोनमेंट में बांग्लादेश सेना और अमेरिकी सेना के पैसफिक कमांड (यूएसएआरपीएसी) के बीच टाइगर लाइटनिंग-2025 अभ्यास हुआ था। यह अभ्यास शांति स्थापना, क्षेत्रीय सुरक्षा और आपसी सहयोग पर केंद्रित था। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान अभ्यास से पहले कतर और थाईलैंड की अग्रिम टीमें चटगांव भेजी गई थीं। विमानन ट्रैकर्स ने पुष्टि की कि अमेरिकी सेना अपने साथ दो बड़े अमेरिकी सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान, जिनमें से एक का काल साइन वाईजे-692 था, शाह अमानत हवाई अड्डे पर उतरे। ये सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान हैं, जो सामरिक हवाई परिवहन, राहत मिशन और विशेष अभियानों के लिए जाने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कि ये विमान किसी भी मौसम में और बिना पक्के रनवे के काम कर सकते हैं। पिछले महीने अमेरिकी सेना के अधिकारी की ढाका में लाश मिली थी ढाका के वेस्टिन होटल में 31 अगस्त को अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज के एक अधिकारी टेरेन्स अरवेल जैक्सन की संदिग्ध स्थितियों में मौत हो गई थी।

### बोल्सोनारों को त्वचा कैंसर के इलाज के बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को त्वचा कैंसर का पता चलने और इलाज के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। राजधानी ब्रासीलिया स्थित जिस अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, उसने यह जानकारी दी। डीएफ स्टार अस्पताल के अनुसार, अंतर्घशिरा जलसेक उपचार के बाद बोल्सोनारो के लक्षणों में सुधार हुआ है लेकिन उन्हें अभी भी नैदानिक अनुवर्ती और नियमित समीक्षा की आवश्यकता है। अस्पताल ने उनके शरीर से निकाले गए त्वचा के घावों की रोग संबंधी जांच की। चिकित्सा रिपोर्ट से पता चला कि आठ त्वचा के घावों में से दो 'स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा इन सीटू' से संबंधित हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108